डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# दैनिक लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 02 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1111

## संक्षिप्त खबरें ।

### राजद के 30वें स्थापना दिवस पर लालू यादव की हुंकार 'हम लड़े हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे




लोकतंत्र की आवाज संवाददाता विनोद प्रसाद

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को अपना 30वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह और राजनीतिक जोश के साथ मनाया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।। कार्यक्रम की शुरुआत लालू प्रसाद यादव द्वारा पार्टी का झंडा फहराने के साथ हुई, जिसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के तीन दशक लंबे संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर खड़ा रहा है और आने वाले समय में भी पार्टी अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटेगी। लालू यादव ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक विस्तारित करने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और पंचायत स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान किया गया, क्योंकि पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। पटना स्थित पार्टी कार्यालय को झंडों, बैनरों और पोस्टरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां सुबह से ही कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर केक काटा गया और मिठाइयां बांटी गईं। कार्यक्रम में मौजूद लोक कलाकार छोटू छलिया ने अपने गीतों के माध्यम से सरकार की आलोचना की। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बिहार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थापना दिवस समारोह महज एक उत्सव नहीं, बल्कि आगामी चुनावों की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत भी है।

# भगवान देगा तड़पा-तड़पा कर मौत..." राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर भड़के बीजेपी विधायक, चोरों को दी खुली चेतावनी

लोक तंत्र की आवाज

**अयोध्या।** अयोध्या के भव्य और ऐतिहासिक राम मंदिर में चढ़ावा चोरी होने के विवाद के बीच राजनीतिक गलियारों में एक बहुत बड़ा और बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। इस पूरे मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) के पुरवा विधानसभा सीट से विधायक अनिल कुमार सिंह ने एक बड़ा बयान देकर हड़कंप मचा दिया है। बीजेपी विधायक ने राम मंदिर के चंदे और भगवान के चढ़ावे में गबन यानी हेराफेरी करने वालों को बिल्कुल खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने सीधे शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि जिसने भी राम मंदिर से चोरी करने का पाप किया होगा, उसे अगले एक साल के अंदर ही सीधा कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो जाएगी।

बीजेपी विधायक अनिल सिंह यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि ऐसे पापियों को किसी इंसानी अदालत की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि खुद भगवान की तरफ से उन्हें सीधे मौत की सजा सुनाई जाएगी। उन्होंने अपने बयान में यह भी जोड़ा, "चोरों को हम और आप नहीं रोक सकते। घर से जेवर चुराकर भाग जाने वाले लोग भी आखिर हमारे परिवार के ही सदस्य होते हैं।"



**बीजेपी सरकार देगी ऐसी सजा कि पुश्तें याद रखेंगी**

अनिल सिंह ने कड़े लहजे में कहा कि राम मंदिर में चोरी का दोषी पाए जाने पर हमारी बीजेपी की सरकार दोषियों को ऐसा खौफनाक दंड देगी कि उनकी आने वाली कई पुश्तें उसे हमेशा याद रखेंगी। मंदिर के पवित्र धन पर डाका डालने वालों को इसका भयानक अंजाम भुगतना ही पड़ेगा। यह एक ऐसा अंजाम होगा जिसे इतिहास में उनके बच्चे और पूरा परिवार कभी नहीं भूल पाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इंसान तो सजा देगा ही, लेकिन प्रभु श्रीराम खुद ऐसा दंड देंगे कि तुम लोग कुढ़-कुढ़ कर और तड़प-तड़प कर मरोगे। इसी सियासी हलचल के बीच श्रीराम जन्मभूमि सेवा समिति के आचार्य धर्मदास महाराज का भी एक बहुत बड़ा बयान सामने आया है।

**बीजेपी विधायक का समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला, अखिलेश यादव को घेरा:** राम मंदिर के मुद्दे पर बोलते हुए बीजेपी विधायक अनिल सिंह ने समाजवादी पार्टी (SP) और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बेहद आक्रामक अंदाज में कहा, "सपा के लोग पूरी तरह चुट्टे चोर हैं। जमीन हड़प लेना, गरीबों का राशन बेच देना, उनका हक और अनाज छीन लेना, ये लोग हमेशा से बस यही सब काम करते आए हैं।

अखिलेश यादव पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने आगे दावा किया कि खुद अखिलेश यादव के घर में और मुलायम सिंह पर भी सीबीआई (CBI) की जांच चल रही है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बदल चुके हैं कि राम मंदिर का विरोध करने वाले अखिलेश यादव भी अब राम का नाम लेने के लिए पूरी तरह मजबूर हो गए हैं, क्योंकि बिना राम नाम के अब उनका राजनीतिक काम नहीं चल रहा है।

**ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी से बहुत जल्द हो सकती है पूछताछ:** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच में एक नया और बहुत बड़ा अपडेट भी सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां जल्द ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुख्य कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी का आधिकारिक बयान दर्ज कर सकती हैं। आने वाले दिनों में होने वाली इस पूछताछ और जांच का मुख्य फोकस इसी बात पर रहने वाला है कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के रूप में दानराशि के सही प्रबंधन, वित्तीय निगरानी और जवाबदेही के संबंध में उनकी असल भूमिका क्या रही और उन्होंने अपनी इतनी बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन किस प्रकार से किया।

आपको बता दें कि इस मामले में पहले भी कई बड़े चेहरों से पूछताछ हो चुकी है। हाल ही में चंपत राय ने भी जांच टीम के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'राम मंदिर चढ़ावा चोरी में मेरी कोई भूमिका नहीं है।' इसके साथ ही चंपत राय ने पूछताछ के दौरान टिन्नू यादव को लेकर भी एक बहुत बड़ा बयान दिया था, जिसकी चर्चा इस समय पूरे देश में हो रही है।

## भाजपा में अब कांग्रेस जैसी राजनीति शुरू

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी हमेशा कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा अनुशासित पार्टी रही है। पिछले 12 साल में नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने इस अनुशासन को और मजबूत किया। गोपनीयता का एक ऐसा ढांचा बनाया कि ज्यादातर फैसलों की जानकारी बड़े नेताओं तक को नहीं होती है। पार्टी के बाहर मीडिया को इस तरह से नियंत्रित किया कि सरकार और पार्टी के खिलाफ कोई भी खबर नहीं छपती है। अगर सचमुच की खबर होती भी है तो मीडिया के लोगों की जिम्मेदारी होती है कि वे इसके बचाव के तर्क खोजें और मामले को भटकाएं। लेकिन अचानक सारी चीजें बदल गई हैं। अब अंदरखाने की खबरें निकलने लगी हैं और मीडिया में छपने भी लगी हैं। सवाल है कि क्या पार्टी के अंदर कांग्रेस जैसी आपसी खींचतान शुरू हो गई है और नेता एक दूसरे के खिलाफ खबरें मीडिया को दे रहे हैं? और दूसरा सवाल यह है कि क्या मीडिया पर से नियंत्रण कम हुआ है, जो खबरें छपने भी लगी हैं? कहा जा रहा है की हीरेन जोशी अब कामकाज नहीं देख रहे हैं, जिसका कुछ असर दिख भी रहा है।

याद करें कैसे कांग्रेस की जब सरकार थी तब पी चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी कैसे एक दूसरे के ऊपर जासूसी के आरोप लगाते थे और कैसे एक दूसरे के खिलाफ खबरें मीडिया में



आती थीं। कैसे सरकार की नीतियों के खिलाफ पार्टी के बड़े नेता अखबारों में लेख लिखते थे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय भी ऐसा था। इसी वजह से उमा भारती ने अरुण जेटली पर खबरें प्लांट कराने का आरोप लगाया था और पार्टी भी छोड़ी थी। अब ऐसा ही कुछ भाजपा के अंदर हो रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ जमीन का जो मामला सामने आया, कहा जा रहा है कि भाजपा के ही नेताओं ने उसके कागजात निकाले और मीडिया तक पहुंचाया। बताया जा रहा है कि इसके कागजात काफी पहले सामने आ गए थे। लेकिन मीडिया में कोई छापने को तैयार नहीं था। तभी सवाल है कि अचानक 'इंडियन एक्सप्रेस' में कहां से यह हिम्मत आ गई कि उसने खबर छाप दी? इसी तरह राजस्थान के सांसद और केंद्र में कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने अपने ही मंत्रालय से करीब एक करोड़ रुपए की सब्सिडी ले ली तो वह भी खबर इंडियन एक्सप्रेस में छप गई।

## चीन-पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन! भारत को ये संकट मोचन विमान देने को तैयार रूस

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** वैश्विक रक्षा समीकरणों और रक्षा उद्योग को पूरी तरह बदलने की दिशा में रूस ने भारत के सामने एक बेहद अभूतपूर्व और बड़ा रणनीतिक प्रस्ताव रखा है। रूस ने भारतीय वायुसेना (IAF) को अपने सबसे आधुनिक पांचवीं पीढ़ी के 'Su-57E' स्टेल्थ फाइटर जेट की तत्काल आपूर्ति करने और भारत में ही इसके संयुक्त उत्पादन का मेगा ऑफर दिया है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह महा-समझौता हकीकत में बदलता है, तो हिंद-प्रशांत (इन्डो-पैसिफिक) क्षेत्र की सैन्य ताकत का संतुलन पूरी तरह भारत के पक्ष में झुक जाएगा और यह पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की वैश्विक



प्रतिस्पर्धा में गेम-चेंजर साबित होगा।

**राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद किया बिना पाबंदी के तकनीक देने का एलान :** यह बातचीत केवल लड़ाकू विमानों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं है, बल्कि रूस ने भारत को उन अत्याधुनिक एयरोस्पेस तकनीकों (Aerospace Technologies) तक पहुंच देने की पेशकश की है, जिन्हें उसने आज तक किसी भी अन्य विदेशी मित्र देश के साथ साझा नहीं किया है। सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम-2026 (SPIEF 2026) के मंच से खुद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक रूप से एलान किया कि रूस भारत के साथ Su-57E प्लेटफॉर्म का संयुक्त विकास करने और बिना किसी सीमा या पाबंदी के तकनीकी सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुतिन के इस बयान को दुनिया भर के रक्षा विश्लेषक एक बड़े वैश्विक रणनीतिक संदेश के रूप में देख रहे हैं।

**36 से 60 स्टेल्थ फाइटर का ऑफर, चीन के J-20 और पाकिस्तान के J-35 पर लगेगी लगाम:** रूसी रक्षा सूत्रों की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉस्को भारत को 36 से 60 पूरी तरह से तैयार (Fly-away condition) Su-57E स्टेल्थ फाइटर जेट्स की तत्काल डिलीवरी देने का इच्छुक है। इससे भारतीय वायुसेना को अपने स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के विमान 'AMCA' (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) प्रोजेक्ट के पूरी तरह तैयार होने से पहले ही आसमान में अदृश्य रहने वाले सुपर-एडवांस्ड लड़ाकू विमान मिल जाएंगे। भारतीय रक्षा योजनाकारों के अनुसार, यह प्रस्ताव वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर चीन के तेजी से बढ़ते J-20 बेड़े और पाकिस्तान को चीन से मिलने वाले संभावित J-35 स्टेल्थ फाइटर के खतरे को आसमान में ही बेअसर करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## प्रयागराज में अखिलेश यादव का हुआ विरोध, दिखाए गए काले झंडे; जमकर हुई नारेबाजी

लोक तंत्र की आवाज़

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव अपने दो दिनों के दौरे पर प्रयागराज पहुंचे हैं। लेकिन वहां पहुंचते ही उन्हें स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। अखिलेश यादव का यह विरोध उनके एक कथित ब्राह्मण विरोधी बयान की वजह से हो रहा है। उन पर आरोप है कि उन्होंने ब्राह्मण समाज के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिससे नाराज होकर लोग सड़कों पर उतर आए और उनका विरोध करने लगे।

**नाराज लोगों ने किया अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन:** अखिलेश यादव



हवाई अड्डे (एयरपोर्ट) से अपने कार्यकर्ताओं और गाड़ियों के काफिले के साथ रुद्राक्ष होटल पहुंचे। होटल के बाहर पहले से ही बहुत सारे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस वाले मौजूद थे। तभी अचानक तीन-चार लोग हाथ में काला झंडा लेकर सामने आ गए और अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि अखिलेश यादव ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ गलत बातें कही हैं, और वे इसी बात से नाराज होकर अपना विरोध जता रहे हैं।

**अंजान आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे:** जब अखिलेश यादव सर्किट हाउस के पास स्थित रुद्राक्ष होटल में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस (PC) के लिए जा रहे थे, उस वक्त रास्ते में अंजान आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। काले झंडे देखने के बाद वहां मौजूद सपा कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने काला झंडा दिखाने वाले लोगों से झंडे छीन लिए, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी गहमागहमी और झड़प भी देखने को मिली। भारी विरोध के बीच अखिलेश यादव विधायक विजमा यादव के घर के लिए रवाना हुए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अखिलेश यादव के खिलाफ गो बैक के नारे भी लगाए। मौके पर मौजूद पुलिस ने हंगामे को किसी तरह शांत कराया।

## जाते-जाते जनरल द्विवेदी ने बदल दी भारतीय सेना की पूरी War Strategy'

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** मंगलवार (30 जून) को थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अपना दो साल का कार्यकाल पूरा कर रिटायर हो गए. जनरल उपेंद्र का कार्यकाल पिछले साल मई 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारतीय सेना में ड्रोन फोर्स की नींव रखने के लिए याद किया जाएगा. अपने समापन संबोधन में भी उन्होंने भविष्य के युद्धों में ड्रोन क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।

ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने सियाचिन ग्लेशियर से लेकर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के रण ऑफ कच्छ तक करीब 1000 ड्रोन से हमला किया. भारतीय सेना की एंटी-एयरक्राफ्ट गन और काउंटर-ड्रोन

**1000 पाकिस्तानी ड्रोन ने सिखाया सबक...**



सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया. इसके बाद सेना ने ड्रोन फोर्स खड़ी करने का संकल्प लिया और अशनी प्लाटून, भैरव बटालियन व दिव्यास्त्र बैटरी जैसी नई इकाइयों की शुरुआत की. कारगिल विजय दिवस के मौके पर जनरल द्विवेदी ने इनकी घोषणा की।

**अशनी प्लाटून की तैयारी:** पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के बाद सेना ने हर इन्फैंट्री बटालियन में 'अशनी' ड्रोन प्लाटून बनाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर में इसका उद्घाटन किया. पौराणिक मान्यता में 'अशनी' देवराज इंद्र के वज्र का नाम है. इस प्लाटून में 20 सैनिक हैं, जिन्हें एफपीवी, सर्विलांस, स्वार्म ड्रोन और लोएटरिंग म्युनिशन चलाने की ट्रेनिंग दी गई है. भारतीय सेना की करीब 380 इन्फैंट्री बटालियन में ऐसी इकाइयां शामिल की जा रही हैं।

**नई ड्रोन यूनिटें तैयार**

भारतीय सेना के पास फिलहाल करीब 50 हजार एफपीवी और स्वार्म ड्रोन हैं, हालांकि लंबी दूरी के लोएटरिंग म्युनिशन की जरूरत अभी भी बनी हुई है. सेना ने आर्टिलरी के लिए 'शक्तिबाण यूनिट' और टैंक रेजीमेंट के लिए 'शौर्य स्क्वाड्रन' तैयार किए हैं. डिवीजन स्तर की 'भैरव बटालियन' में हर कमांडो को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है।

**ड्रोन युद्ध की भूमिका :** रूस-यूक्रेन युद्ध में एफपीवी ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ. ये ड्रोन निगरानी के साथ हैंड ग्रेनेड ले जाकर नजदीकी लक्ष्य पर हमला कर सकते हैं. वहीं, स्वार्म ड्रोन कई छोटे ड्रोन का झुंड होता है, जो सैनिकों, टैंकों और सैन्य वाहनों पर एक साथ हमला करता है. लोएटरिंग म्युनिशन लक्ष्य तक पहुंचकर खुद को विस्फोट के साथ नष्ट कर देता है और भारी नुकसान पहुंचाता है।

**'बाज बटालियन' पर जोर:** सेना का लक्ष्य अगले दो-तीन वर्षों में ड्रोन की संख्या बढ़ाकर एक लाख करना है. इसी उद्देश्य से एफपीवी, स्वार्म ड्रोन, लोएटरिंग म्युनिशन और रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट के बेहतर समन्वय के लिए नई 'बाज बटालियन' बनाई जा रही है. यह यूनिट ड्रोन आधारित हमलों की क्षमता बढ़ाएगी. साथ ही भारतीय सेना स्वदेशी कंपनियों के साथ मिलकर दुश्मन के ड्रोन को निष्क्रिय करने वाली नई काउंटर-ड्रोन तकनीक भी विकसित कर रही है।

## राम मंदिर जांच में बड़ा खुलासा! आरोपी के घर मिला QR कोड वाला 'रामराज्य कोष' दान बॉक्स

लोक तंत्र की आवाज़

**अयोध्या/लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में डोनेशन के कथित गबन की जांच अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जिसने पूरे मामले को और भी गंभीर बना दिया है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने मुख्य आरोपियों में शामिल अविनाश शुक्ला के घर से "रामराज्य कोष" लिखा हुआ एक लकड़ी का दान बॉक्स बरामद किया है।

इस बॉक्स पर एक QR कोड भी लगा मिला, जिससे डिजिटल माध्यम से दान लिया जा सकता था। जांच एजेंसियां अब इस बरामदगी को पूरे मामले की सबसे अहम कड़ी मान रही हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर




रही हैं कि कहीं इस सिस्टम का इस्तेमाल मंदिर के नाम पर जुटाए गए दान को दूसरी जगह भेजने के लिए तो नहीं किया गया।

**मास्टरमाइंड के घर छापेमारी:** 'रामराज्य कोष' का रहस्यमयी संदूकSIT की टीमों ने जब स्थानीय मजिस्ट्रेटों के साथ मिलकर इस मामले के मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला के घर पर छापेमारी की, तो वहां का नजारा देखकर खुद अधिकारी भी सन्न रह गए। घर के भीतर से लकड़ी का एक भारी-भरकम दान बॉक्स बरामद हुआ, जिस पर बेहद चालाकी से "रामराज्य कोष" लिखा हुआ था। यह सिर्फ एक साधारण डिब्बा नहीं था, बल्कि भगवान राम के नाम पर भक्तों की आस्था को लूटने का एक सुनियोजित हथियार था।

सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि इस पारंपरिक लकड़ी के बॉक्स पर डिजिटल पेमेंट के लिए एक QR कोड भी चिपकाया गया था। जांचकर्ताओं को आशंका है कि आरोपी मंदिर परिसर के बाहर, भगवान राम के नाम पर एक फर्जी और अवैध दान संग्रह नेटवर्क चला रहे थे।

## वायुसेना के नए वाइस चीफ बने एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, मिराज, जगुआर उड़ा दुश्मन को चटा चुके हैं धूल

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख का पदभार संभाला लिया है. आशुतोष दीक्षित ने 1 जुलाई 2026 को वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ का पदभार संभाला. उन्हें 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन मिला था. एयर मार्शल आशुतोष नेशनल डिफेंस अकादमी, बांग्लादेश के डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं. उन्हें 3,500 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है. उन्होंने मिराज-2000, मिग के



अलग-अलग संस्करण, एचपीटी-32, एएन-32, एवरो, किरण, जगुआर, आईएल-78, हॉक और तेजस जैसे विमानों को उड़ाया है. वे एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर भी हैं।

करीब चार दशक के अपने करियर में उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर, ऑपरेशन रक्षक, कोप इंडिया और ऑपरेशन सिंदूर सहित कई सैन्य अभियानों और अभ्यासों में हिस्सा लिया. अपने करियर के दौरान उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं।

**फाइटर ट्रेनिंग बेस की कमान संभाली:** आशुतोष ने कमांडिंग ऑफिसर के रूप में नंबर-9 स्क्वाड्रन को मिराज-2000 विमानों से लैस किया. इसके बाद पश्चिमी क्षेत्र के एक अग्रिम लड़ाकू एयरबेस और दक्षिणी क्षेत्र के एक प्रमुख फाइटर ट्रेनिंग बेस की कमान संभाली. उन्होंने एयर फोर्स टेस्ट पायलट्स स्कूल में डायरेक्टिंग स्टाफ के रूप में भी काम किया. एयर मुख्यालय में आशुतोष प्रिंसिपल डायरेक्टर एयर स्टाफ रिक्वायरमेंट, असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (प्रोजेक्ट्स) और असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (प्लान्स) जैसे पदों पर भी रहे।

**रक्षा बलों को मजबूत बनाने के लिए शुरू की नई पहल:** उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वे सेंट्रल एयर कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे. इसके बाद उन्होंने मुख्यालय इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ में चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन, चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के रूप में काम किया है।

## तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट में दरार? ममता बनर्जी के खेमे का दावा- कई विधायक हैं वापसी को तैयार

लोक तंत्र की आवाज़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से बगावत कर अलग गुट बनाने वाले ऋतब्रत बनर्जी के कैंप में अंदरूनी कलह और फूट की खबरें हैं। ममता बनर्जी के वफादार नेताओं का दावा है कि बागी खेमे में सब कुछ ठीक नहीं है। यह दावा तब सामने आया जब हाल ही में बंगाल विधानसभा में बिलों पर वोटिंग के दौरान बागी गुट में मतभेद साफ दिखा। बेलेघाटा से तृणमूल विधायक और ममता के करीबी कुणाल घोष ने दावा किया कि कई बागी विधायक ऋतब्रत का साथ छोड़कर ममता के खेमे में



लौटने की तैयारी में हैं।

कुणाल घोष ने कहा, "ऋतब्रत बनर्जी ने कई विधायकों को पुलिस की प्रताड़ना और केस-मुकदमों से बचाने का वादा करके अपने साथ जोड़ा था। लेकिन जिनके खून में असली तृणमूल है, वे इस धोखे को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि यह बात गौर करने वाली है कि जब मैंने विधानसभा में ऋतब्रत पर हमला बोला, तो उनके अपने कैंप का एक भी विधायक उनके समर्थन में खड़ा नहीं हुआ। हालांकि, विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने इसे ममता खेमे की एक मनोवैज्ञानिक लड़ाई बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "यह हारे हुए लोगों की बौखलाहट है।" बागी गुट के चीफ व्हिप अख़रुज़्ज़मान ने भी साफ किया, "कालीघाट (ममता बनर्जी का आवास) में पार्टी के साथ कुछ लोग सिर्फ इसलिए बचे हुए हैं, क्योंकि हमने अभी तक अपने दरवाज़े पूरी तरह से नहीं खोले हैं।" इस बीच, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्ष विधानसभा के अंदर भी आपस में लड़ रहा है और तृणमूल पूरी तरह से बिखर चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आर्द्रा नक्षत्र में भी नहीं हुई बारिश, किसान चिंतित; धान की बुआई पर संकट के आसार

लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला नवादा। वर्षा का प्रमुख माना जाने वाला आर्द्रा नक्षत्र समाप्त होने में अब मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं, लेकिन क्षेत्र में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान की खेती की तैयारी कर चुके किसान बारिश की प्रतीक्षा में बिछड़ा (नर्सरी) डालने का इंतजार कर रहे हैं। समय पर वर्षा नहीं होने से खरीफ फसल की बुआई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो उन्हें मोटर पंप के सहारे खेतों में पानी देकर बिछड़ा तैयार करना पड़ेगा, जिससे खेती की लागत बढ़ जाएगी। वहीं समय पर बिछड़ा तैयार नहीं होने से धान की रोपाई भी प्रभावित हो सकती है। इधर बीज विक्रेताओं पर भी मौसम की बेरुखी का असर दिखाई दे रहा है। बरदाहा बाजार के बीज विक्रेता विजय प्रसाद ने बताया कि किसानों की मांग को देखते हुए विभिन्न कंपनियों के सभी प्रमुख किस्मों के धान बीज मंगाकर रखे गए हैं, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण बिक्री अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा कि अच्छी वर्षा शुरू होते ही धान बीज की बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। किसानों को उम्मीद है कि जल्द मानसून सक्रिय होगा और पर्याप्त वर्षा होने से धान की खेती का कार्य गति पकड़ सकेगा।

### सिरदला में आकाशीय बिजली गिरने मंदिर क्षतिग्रस्तः आकाशीय बिजली गिरने से बड़गांव शिव मंदिर क्षतिग्रस्त तीन बच्चियों को लगा झटका इलाज जारी

लोक तंत्र की आवाज

नवादा। नवादा जिले के सिरदला प्रखंड क्षेत्र के बड़गांव स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर पर बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे हल्की बारिश और तेज गरजन के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली गिरने के कारण मंदिर की छत कई जगह से फट गई तथा प्लास्टर झड़कर नीचे गिर गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां पूरी तरह सुरक्षित रहीं। स्थानीय ग्रामीण अनिकेत कुमार ने बताया कि घटना के समय मंदिर परिसर के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय के 8 से 10 बच्चे बारिश से बचने के लिए मंदिर परिसर की ओर पहुंच गए थे। इसी दौरान बिजली गिरने से तीन बच्चियों को झटका लगा। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। हड़बड़ी के कारण बच्चियों की पहचान और उन्हें किस चिकित्सक के पास ले जाया गया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। घटना के बाद मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। लोगों ने इसे दैवीय संयोग बताते हुए कहा कि भारी नुकसान के बावजूद शिवलिंग और मूर्तियों का सुरक्षित रहना चमत्कार से कम नहीं है। हालांकि पूरा मंदिर कई जगह से फट गये है। और दीवारे टूट कर जमीन पर गिर गये । इधर, सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि इस घटना में घायल किसी भी बच्ची को इलाज के लिए पीएचसी नहीं लाया गया है। समाचार लिखे जाने तक मंदिर के नुकसान का आकलन किया जा रहा था।

### पति के ताने से दो बच्चों की मां ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

लोक तंत्र की आवाज

नवादा। नवादा जिले के अकबरपुर थाने के पिथौरी गांव में एक महिला ने दूसरे पुरुष से बात करने के पति के ताने सुनकर बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस मामले की जांच कर रही। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतका की पहचान पिथौरी गांव निवासी विजय शर्मा की पत्नी करीना देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि करीना की शादी वर्ष 2018 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी. उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं। मृतका के पति विजय शर्मा ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद भी करीना किसी अन्य युवक से फोन पर बातचीत करती थी. विजय का आरोप है कि उसने कई बार पत्नी को ऐसा करने से मना किया और समझाने की कोशिश की. इस बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद भी हुआ.पति के मुताबिक, घटना से पहले भी इसी मुद्दे को लेकर घर में कहासुनी हुई थी. उसने पत्नी को दोबारा फोन पर बातचीत नहीं करने के लिए कहा था. आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर करीना ने यह कदम उठा लिया। विजय शर्मा ने यह भी बताया कि करीब एक साल पहले भी इस मामले को लेकर थाने में शिकायत की गई थी. हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था. उस समय करीना ने दोबारा ऐसी स्थिति नहीं बनने का भरोसा दिया था.वहीं, मृतका की मां का बयान भी सामने आया है. उन्होंने अपने दामाद पर किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है. महिला की मां ने बताया कि शादी से पहले उनकी बेटी किसी से बातचीत करती थी, लेकिन शादी के बाद उसने भरोसा दिलाया था कि अब उसका किसी से संपर्क नहीं है. उन्होंने कहा कि फिलहाल वह अपने दामाद की बातों को ही आधार मान रही हैं. पुलिस मामलों की छानबीन में जुटी है।

### रोटरी क्लब नालंदा ने नए रोटरी वर्ष की शुरुआत पांच जनकल्याणकारी परियोजनाओं से की



लोक तंत्र की आवाज

बिहारशरीफ। मानव सेवा को समर्पित विश्व की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था रोटरी इंटरनेशनल के नए रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरुआत रोटरी क्लब नालंदा ने जनकल्याण के संकल्प के साथ की। बुधवार को नूरसराय प्रखंड के सकरौढ़ा और सरवलपुर गांव में क्लब ने पांच सामाजिक परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें तालाब का जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, सरकारी विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर प्रमुख रहे।स्वास्थ्य जांच शिविर में 40 वर्ष से अधिक आयु के ग्रामीणों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लंबाई और वजन की जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों की रोकथाम संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया।नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रोटरी 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डॉ. अजय कुमार ने कहा कि क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गगन विरमानी, सचिव दिग्विजय नारायण सिंह (टन्नू सिंह) और कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार के नेतृत्व में नए रोटरी वर्ष का पहला दिन सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बना। उन्होंने सभी परियोजना अध्यक्षों एवं सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।क्लब के सचिव दिग्विजय नारायण सिंह ने कहा कि पूरे रोटरी वर्ष 2026-27 में समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुंचाने और स्थायी सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्य किए जाएंगे।शाम में कल्याण ज्वेलर्स में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे का आयोजन कर चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को समाज और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन अर्चना कुमारी, राजा, डॉ. अजय, नीलेश, पंकज, डॉ. अवधेश, संजीत, ओमप्रकाश, आदित्य, डॉ. अजीत, शशिकांत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक ने भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र राय के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मरीजों की सेवा एवं जनकल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया है : डा नवनीत निशचल, डा कविता निश्चल

लोकतंत्र की आवाज






गया जी। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ए.पी. कॉलोनी, गया में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. नवनीत निश्चल एवं डॉ. कविता निश्चल के नेतृत्व में सभी चिकित्सकों ने केक काटकर आधुनिक भारत के महान चिकित्सक एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के प्रेरणास्रोत भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र राय को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मरीजों की सेवा एवं जनकल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम में अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित समस्त चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से डॉ. अभिजीत कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. कुंदन कुमार (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. जमील अंसारी,डॉ. अंबरी परवीन (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. सौरव राज (पेट, आंत एवं लीवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. नीरज कुमार मिश्रा (क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ), डॉ. नित्यानंद (क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ), डॉ. नीलांशु (जनरल फिजिशियन), डॉ. सुमन कुमार भारती (जनरल फिजिशियन) डॉ परवीन कुमार (जनरल सर्जन) डॉ नीरज लाल यादव(जनरल फिजिशियन),डॉ. राखी रंजन (दंत रोग विशेषज्ञ),डॉ सोनल कुमार(क्लिनिकल डायटीशियन),डॉ राजकुमार (फिजियोथेरापिस्ट)सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे हैं।इस अवसर पर अस्पताल में हाल ही में जुड़े चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. नवनीत निश्चल ने कहा कि एक डॉक्टर केवल रोगों का उपचार ही नहीं करता, बल्कि मरीजों में नई आशा और विश्वास का संचार भी करता है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से सेवा, संवेदनशीलता एवं उत्कृष्ट चिकित्सा के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने का आह्वान किया है।

उन्होंने बताया कि अर्श मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, गया द्वारा 1 जुलाई से प्रतिदिन निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मात्र 100 रुपये के पंजीकरण शुल्क पर परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

शिविर के अंतर्गत दुखहरणी मंदिर, गया में प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ए.पी. कॉलोनी, गया में शाम 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक मरीजों का परामर्श एवं उपचार किया जाएगा।

अस्पताल द्वारा मरीजों के लिए विशेष स्वास्थ्य पैकेज भी उपलब्ध कराए गए हैं। कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ चेकअप मात्र ₹1,500, फुल बॉडी चेकअप ₹999 तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पैकेज ₹1,999 में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विभिन्न जांचों पर भी विशेष रियायत दी जा रही है, जिसमें एमआरआई ₹3,000, सीटी स्कैन ₹1,500, अल्ट्रासाउंड ₹500, एंडोस्कोपी ₹1,500, ईसीजी ₹100 तथा इकोकार्डियोग्राफी ₹1,000 में उपलब्ध कराई जा रही है।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र मरीजों के लिए हड्डी रोग संबंधी,क्रिटिकल केयर,जेनरल मेडिसिन,जेनरल सर्जरी,स्त्री एवं प्रसूति तथा अन्य प्रकार की बीमारियों की इलाज पूर्ण रूप से फ्री की जा रही हैं जो कि हड्डी हॉस्पिटल एवं आर्ट सेंटर में ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किए जा रहे हैं। साथ ही सभी प्रकार की रक्त जांच पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है।

## चिकित्सक का धर्म केवल उपचार नहीं, स्वस्थ समाज का निर्माण भी है : डॉ. ए.के. अरुण



लोक तंत्र की आवाज

नवादा । राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर गुलमोहर यूनिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नवादा के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नवादा के प्रख्यात फिजिशियन एवं गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. ए.के. अरुण, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव राज तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता आजाद को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियाँ साझा की गईं।

इसके उपरांत विद्यार्थियों ने अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहाँ उन्हें सिटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड तथा ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में उपयोग होने वाले आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कार्यप्रणाली एवं महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों ने चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी कई प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं रोचक ढंग से उत्तर दिया।

इस अवसर पर डॉ. ए.के. अरुण ने कहा कि चिकित्सक का कार्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी है। उन्होंने कहा कि मरीजों का विश्वास ही किसी भी डॉक्टर की सबसे बड़ी पूंजी होता है और उस विश्वास को बनाए रखना प्रत्येक चिकित्सक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, पर्याप्त नींद तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली ही अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश फैलाने का भी आह्वान किया।

डॉ. राघव राज व डॉ अमित आजाद ने कहा कि बच्चों में चिकित्सा विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय द्वारा आयोजित यह पहल सराहनीय है, क्योंकि इससे विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र को निकट से समझने का अवसर मिलता है और उनमें सेवा की भावना का विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार,प्राचार्या नेहा, शिक्षक रौशन कुमार, खुशी कुमारी, मुस्कान, मुरारी, अंजलि सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब गया सिटी नये सत्र कि शुरुआत पुजा अर्चना एवं पृथ्वी के लिए पौधारोपण कर की शुरुआत



लोकतंत्र की आवाज

गया जी। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी के नए सत्र ( 2026-2027 ) का आगाज क्लब की नवनियुक्त अध्यक्षा स्मिता भदानी ने मथुरासनी मंदिर मानपुर में कुलदेवी माँ मथुरासनी की पूजा अर्चना के साथ शुरु उनका आशीर्वाद ले कर किया है। जिसमें उनका साथ क्लब की नई सचिव कंचन कुमार, एडिटर शीतल प्रसाद ,पूर्व अध्यक्षा सीमा भदानी, प्रेमलाल भदानी, क्लब की सदस्या स्मिता निलेश, निशा भदानी, रंजना भदानी ने दिया है। वहाँ सब ने मिलकर पर्यावरण की शुद्धता के दृष्टिकोण से वृक्षारोपण भी किया है।

## नवादा में 520 शिक्षा सेवकों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

लोक तंत्र की आवाज



नवादा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), नवादा में बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों से आए 520 शिक्षा सेवकों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) द्वारा की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) श्रीमती वर्षा सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं पिरामल फाउंडेशन से प्रियंका एवं प्रशांत उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 'निपुण नवादा' अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना, विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन सुनिश्चित करना तथा प्रत्येक विद्यालय में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (FLN) को सुदृढ़ करना था।

बैठक के दौरान सभी शिक्षा सेवकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में घर-घर सर्वे कर विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों, मौसमी पलायन करने वाले परिवारों तथा ईंट-भट्टों पर कार्यरत परिवारों के बच्चों की पहचान करें तथा 15 जुलाई तक उनका विद्यालयों में पुनः नामांकन सुनिश्चित करें। इस अभियान में शिक्षा सेवकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में निपुण रजिस्टर के प्रभावी संचालन, बाल पंजी के अद्यतन संधारण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों की नियमित ट्रैकिंग तथा समर कैंप की प्रगति एवं रिपोर्टिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी शिक्षा सेवकों को अपने-अपने विद्यालयों एवं पोषक क्षेत्रों में निर्धारित प्रारूप के अनुसार अभिलेखों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डीपीओ (माध्यमिक शिक्षा) श्रीमती वर्षा ने कहा कि "जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक शिक्षा सेवक अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ें तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें।"

■ ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः नामांकन एवं 'निपुण नवादा' अभियान को गति देने पर जोर

बैठक के अंत में सभी शिक्षा सेवकों ने 15 जुलाई तक ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः नामांकन, विद्यालयों में निपुण रजिस्टर एवं बाल पंजी के प्रभावी संचालन तथा 'निपुण नवादा' के लक्ष्य को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

जिला शिक्षा विभाग ने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा सेवकों की सक्रिय भागीदारी एवं सामुदायिक सहयोग से जिले में विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकेगा।

## अपर समाहर्ता एवं मद्यनिषेध अधीक्षक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



नवादा । नवादा जिला अतिथि गृह में आज अपर समाहर्ता, नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी के स्थानांतरण तथा मद्यनिषेध अधीक्षक, नवादा अरुण कुमार मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने डॉ. अनिल कुमार तिवारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्वों का अत्यंत कुशलता, दक्षता एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

जिला पदाधिकारी ने मद्यनिषेध अधीक्षक श्री अरुण कुमार मिश्रा के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। विभागीय कार्यों के सफल संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सेवानिवृत्ति उपरांत उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। अपने संबोधन में डॉ. अनिल कुमार तिवारी एवं अरुण कुमार मिश्रा ने जिला पदाधिकारी, सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवादा में कार्य करने का अनुभव अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायी रहा।यहाँ सभी का जो सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता प्राप्त हुई, वह सदैव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी।

इस अवसर पर डीडीसी, प्रशिक्षु आईएएस, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, स्थापना शाखा प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## निपुण नवादा को गति देने के लिए सभी बीईओ के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



नवादा। जिला शिक्षा कार्यालय, नवादा में मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (BEO) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वर्षा आ डीपीओ (SSA) ने की। बैठक में MIS से रतन जी अकाउंट से जालंधर जी और पिरामल फाउंडेशन की ओर से प्रशांत और प्रियंका एवं सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य "निपुण नवादा" अभियान को गति देते हुए जिले के प्रत्येक विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाना था। इस दौरान सभी विद्यालयों में निपुण रजिस्टर का नियमित संचालन, मास्टर ट्रेनर्स के सहयोग से निपुण पंचायत निर्माण, सीआरसीसी के साथ नियमित समीक्षा, हेडमास्टर एवं गुरु गोष्ठी की मासिक बैठक, बाल पंजी का अपने विद्यालय में अपडेट रखे और डिजिटलीकरण पे अपडेट करें तथा शिक्षा सेवकों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में सभी बच्चों का APAAR ID, UDISE+ संबंधी लंबित कार्य, AO-2 Form, HRMS ID एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में ड्रॉपआउट कम करने, मोहल्ला कक्षाओं को सुदृढ़ बनाने तथा बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने में शिक्षा सेवकों की भूमिका को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। विद्यालयी शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 6 से 12 तक के शिक्षकों हेतु AI आधारित प्रशिक्षण, प्रत्येक शनिवार को स्किल आधारित गतिविधियों के आयोजन तथा जुलाई माह से "नवादा मैगज़ीन" के शुभारंभ की घोषणा भी की गई।

बैठक में सभी बीईओ को स्पष्ट कार्ययोजना एवं समयबद्ध जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निपुण नवादा अभियान के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके।

## रोटरी गया सिटी व इंटरेक्ट क्लब ने किया पौधारोपण

लोकतंत्र की आवाज



गया जी। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के उद्देश्य से रोटरी गया सिटी और इंटरेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गया कॉलेज खेल परिसर स्थित आर्चरी ग्राउंड में बुधवार को पौधारोपण किया गया है। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 पौधे लगाए गए हैं ।लोगों ने उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया है ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गया शाखा के अध्यक्ष डॉ विश्व विजय सिंह रहे। उनके साथ पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर डी के सहाय भी रहे। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पौधारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

■ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, गया कॉलेज खेल परिसर के आर्चरी ग्राउंड में लगाए गए 100 पौधे

रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष डॉ एम एन अंजुम ने कहा कि संस्था सामाजिक सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी लगातार कार्य कर रही है। इंटरेक्ट क्लब के सदस्यों ने भी पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉ रतन कुमार, डॉ कृष्ण कुमार, राजकुमार दुबे, कांतेश सिन्हा, कंचन वर्मा, अशोक लोहानी, अभिषेक, अजय कुमार सिंह , आर्चरी कोच सहित अन्य लोगों ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।

# नवादाः रेलवे की उदासीनता के विरुद्ध आंदोलनकारी ने राष्ट्रपति को भेजा त्राहिमाम संदेश, उग्र आंदोलन की चेतावनी

लोक तंत्र की आवाज



नवादा। एंटी क्राइम ह्यूमन राइट प्रोटक्शन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने रेलवे विभाग की उदासीनता से व्यथित होकर भारत के राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को पत्र के माध्यम से इतना हिमांक संदेश भेजते हुए कार्रवाई नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।उस भेजे गए पत्र में मिश्रा ने कहा है नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड के अंतर्गत दानापुर मंडल अंतर्गत रेल राजगीर तिलैया मार्ग में स्थित ओडो स्टेशन है। इस स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकती है, जब किसी मार्ग से दो एक्सप्रेस ट्रेन का आना-जाना रहता है, इस क्षेत्र की जनता को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए तिलैया या राजगीर जाना पड़ता है।

जनता की समस्याओं को देखते हुए मैंने 80 दिन पहले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस केशु अवसर पर 14 अप्रैल को प्रण लिया था कि जब तक ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराब नहीं होगी मैं जूता चप्पल नहीं पहनेंगे, जिसकी सूचना मैंने रेलवे विभाग को प्रशासन को मा. सांसद ,विधायक को भी दिया था। यह आंदोलन नहीं जनहित के समस्याओं के समाधान के लिए एक भीषण तपस्या था, क्योंकि मैं इस भीषण गर्मी में नंगे पांव चलते हुए रेलवे विभाग को जनप्रतिनिधियों को जनता की हक के लिए न्याय मांग रहा हूं ।मैंने रेलवे के हर दरवाजे पर दस्तक भी, रजिस्टर्ड डाक से डीआरएम दानापुर को भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सांसद को और तमाम जनप्रतिनिधियों को बराबर पत्राचार करता रहा, लेकिन आज 80 दिन बीतने के बाद भी रेलवे विभाग की यह चुप्पी गरीब जनता के साथ घोर मजाक है, मिश्रा ने महामहिम से प्रार्थना किए हैं कि आप भारत के प्रथम नागरिक हैं संविधान के संरक्षक है, जब सिस्टम के सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं तो अंतिम उम्मीद आप ही होती है।

नारदीगंज प्रखंड की जनता एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराब के लिए तरस गई है, जबकि नवादा के आदरणीय सांसद विवेक ठाकुर द्वारा भी और नवादा के विधायक विभा देवी जी के द्वारा भी रेल मंत्री को और डीआरएम महोदय को पत्र लिखा गया था, लेकिन अब तक करवाई नहीं दिख पा रही है, नारदीगंज क्षेत्र की जनता को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए तिलैया या दानापुर जाना पड़ता है, इस स्टेशन मैं ओवर ब्रिज नहीं है, अंडर पास नहीं है शौचालय और पानी यात्री सेड की घोर समस्याएं हैं, इन समस्याओं का समाधान अब आपके प्रयास से ही होगा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि महामहिम राष्ट्रपति महोदया मेरा 80 दिन की तपस्या को आप गहराई से देखिए और रेल मंत्रालय को जनता की मांगों को तत्काल कार्रवाई हेतु आप निर्देशित करें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरदोई: नेग में 1100 रुपये मांगने पर बिगड़ी बात, बिना दुल्हन लौटी बारात



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। संडीला कोतवाली क्षेत्र के गेस्ट हाउस में आई बारात में दूल्हे के मामा द्वारा नेग के रूप में 1100 मांगना भारी पड़ गया। बात इतनी बढ़ गई की दोनों पक्षों में लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया ।विवाद बढ़ने से दुल्हन के बिना दूल्हा वापस घर चला गया ।दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। समझौते की कोशिशें नाकाम होने पर आपसी सहमति से दोनों पक्षों ने शादी करने से इनकार कर दिया। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स ने बेटी की शादी संडीला के एक मोहल्ला निवासी युवक से तय की थी। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक सोमवार को संडीला में स्थित गेस्ट हाउस में लड़की वाले आ गए। रात में यहां बरात आई। द्वारचार के समय कार दूल्हे का मामा चला रहा था। दूल्हे को कार से उतारने के एवज में उन्होंने 1100 रुपये नेग मांगा। इस पर लड़की पक्ष ने पांच सौ रुपये देने की बात कही। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले नोकझोंक हुई और फिर मारपीट हो गई। गेस्ट हाउस में मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया ।जानकारी पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में बातचीत हुई। समाधान न निकलने पर समारोह में खर्च हुए रुपयों को वापस करने पर सहमति बन गई। इस के बाद बरात बिना दुल्हन वापस चली गई। कोतवाल वीरेंद्र पंकज ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस गई थी। लड़की पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है।

### खुशखबरी! UP बोर्ड के टॉपर्स को 2 साल तक दी जाएगी स्कॉलरशिप, छात्रों को फीस में मिलेगी बड़ी राहत




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अब दो वर्ष तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह निर्णय इंडिया लिटरेसी बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। बोर्ड की निदेशक संध्या तिवारी ने बताया कि छात्रवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र छात्रों को 17 सितंबर को डॉ. वेल्दी फिशर जयंती समारोह में सम्मानित किया जाएगा ।नई व्यवस्था के तहत हाईस्कूल के प्रदेश टॉपर को तीन हजार रुपये प्रतिमाह और इंटरमीडिएट के प्रदेश टॉपर को पांच हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दो वर्ष तक मिलेगी। वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में कशिश वर्मा और अंशिका वर्मा ने 97 .83 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंटरमीडिएट में शिखा वर्मा ने 97 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान पाया। इंडिया लिटरेसी बोर्ड द्वारा संचालित वेल्दी फिशर चिल्ड्रेंस अकादमी के विद्यालय स्तर के टॉपर्स को भी इसी योजना का लाभ मिलेगा। वर्ष 2026 में विद्यालय की छात्रा उम्मे हबीबा ने हाईस्कूल में 88 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया।

### यूपी में मानसून की रफ्तार तेज, कई जिलों में भारी बारिश के आसार; IMD ने जारी किया अलर्ट

लोक तंत्र की आवाज़
रत्ना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से बढ़ रहा है और राज्य के कई हिस्सों में भी पहुंच चुका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ताज़ा अपडेट के अनुसार, अगले दो दिनों में मानसून के उत्तर प्रदेश के बचे हुए हिस्सों में भी पूरी तरह सक्रिय होने के लिए परिस्थितियां बेहद अनुकूल बनी हुई हैं ।मौसम विभाग के मुताबिक, 1 जुलाई तक मानसून की उत्तरी सीमा मिर्ज़ापुर, आज़मगढ़, अयोध्या, बदायूं और मेरठ से होकर गुज़र रही है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में बादलों की आवाजाही और बारिश का सिलसिला शुरू हो चुका है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस समय निचले क्षोभमंडल स्तर पर उत्तर प्रदेश के मध्य भागों के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण यानी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस मजबूत वेदर सिस्टम के कारण राज्य में आने वाले दिनों में मानसून और अधिक प्रभावी होने जा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच में 11 सेंटीमीटर भारी बारिश रिकॉर्ड की गई, वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में 9 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में भीषण आंधी-तूफान के साथ 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं भी चलीं। 2 जुलाई को पश्चिमी यूपी के ज़्यादातर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इसके बाद 3 से 7 जुलाई के बीच भी छिटपुट से लेकर व्यापक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

# व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की आधारशिला है शिक्षा: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने सहारनपुर से किया राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने की अपील, बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें

लोकतंत्र की आवाज

**साजिद सलमानी**
**जिला ब्यूरो चीफ**





**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर (कंपोजिट) से राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण (1 से 15 जुलाई) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। शिक्षा व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की सुदृढ़ आधारशिला है। अच्छी शिक्षा ही सभ्य, संस्कारित नागरिक बनाती है और सही मार्ग दिखाती है। अच्छी शिक्षा से ही अच्छे समाजसेवी, शिक्षक, प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्यमी, इंजीनियर, चिकित्सक, न्यायिक अधिकारी आदि निकलेंगे। देश के भविष्य को बनाने वाली भावी पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़े, शिक्षा के कारण वह आत्मविश्वास से भरपूर होकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर सकेगी।

**नीयत साफ थी तो परिणाम भी अच्छे आए:** सीएम ने कहा कि 2017 में पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने स्कूल चलो अभियान प्रारंभ किया। सरकार की नीयत साफ थी तो परिणाम भी अच्छे आए।शिक्षा के उन्नयन के लिए सरकार की नीति स्पष्ट थी। सरकार बिना भेदभाव हर बच्चे तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ बढ़ी थी।2017 में बेसिक शिक्षा परिषद में केवल 36 फीसदी विद्यालय ही पूरी तरह संतृप्त माने जा रहे थे। उस समय टॉयलेट, पेयजल, फर्नीचर, लाइब्रेरी, लाइट, मिड डे मील आदि की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब ऑपरेशन कायाकल्प चलाकर मैंने जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, अधिकारियों से अपील की कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में व्यापक रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराकर संतृप्तिकरण के लक्ष्य को पूरा किया जाए और उसके पैरामीटर तय किए जाएं।

**5 वर्ष में 96 फीसदी से अधिक विद्यालयों का संतृप्तिकरण:** सीएम ने कहा कि हमने तय किया कि हर स्कूल में बालक/बालिकाओं के लिए अलग टॉयलेट, पेयजल और मिड डे मील में प्रतिदिन का भोजन तय हो। स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, सरकार की ओर से हर बच्चे को यूनिफॉर्म, बैग, किताबें आदि देकर सभी सुविधाओं से आच्छादित किया जाए। विद्यार्थियों व शिक्षकों के अनुपात को ठीक किया जाए।इसके लिए अभियान प्रारंभ किया गया। इसका असर हुआ कि बेसिक शिक्षा विद्यालयों का 36 फीसदी का संतृप्तिकरण बढ़कर अगले पांच वर्ष में 96 फीसदी से अधिक हो गया।हर बच्चे को बैग, बुक, जूते-मोजे, स्वेटर, यूनिफॉर्म आदि मिलना प्रारंभ हुआ, परिणामस्वरूप नामांकन बढ़ा।9 वर्ष में 60 लाख से अधिक बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद में बढ़े और ड्राप आउट रेट 19-20 फीसदी से घटकर 3-4 फीसदी तक रह गया।

**बच्चा स्कूल नहीं गया तो समाज व राष्ट्र की क्षति:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है कि कोई भी बच्चा स्कूल से जाने से वंचित न रहे। कोई भी बच्चा यदि शिक्षा से वंचित है तो यह केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र की भी क्षति है। इन्हीं बच्चों को समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में नेतृत्व देना है। यहां बैठे जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक आदि भी कभी छात्र थे। सभी ने पढ़ाई की तो इस स्तर तक पहुंचे। यदि बच्चा पढ़ा-लिखा नहीं है तो समाज व राष्ट्र की अपूर्णीय क्षति करेगा और दिग्भ्रमित हो जाएगा। हमें ऐसी पीढ़ी खड़ी करनी है, जो राष्ट्र के कर्तव्यशील नागरिक के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर सके।

**हर तबके का दायित्व- कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे:** सीएम ने विकसित भारत की संकल्पना को पूरा कर समृद्ध समाज बनाने वाले जागरूक नागरिकों से अपील भी की।उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल उन्हीं परिवारों का नहीं है, जिन परिवारों में बच्चे हैं। राजनेता, सांसद, विधायक, पार्षद, ब्लाक प्रमुख, प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यापारी, चिकित्सक समेत हर तबके का दायित्व है कि आसपास अवलोकन करें कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए।हर बच्चे को स्कूल पहुंचाना है, क्योंकि यह हमारा सामाजिक दायित्व व राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। राष्ट्रीय कर्तव्य जब सामूहिकता के साथ निर्वहन होता है तो राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।

**स्कूल चलो अभियान को जनांदोलन का हिस्सा बनाएं:** सीएम ने स्कूल चलो अभियान को अच्छी शुरुआत बताया।सीएम ने समाज के हर वर्ग से भी अपील की कि स्कूल चलो अभियान को जनांदोलन का हिस्सा बनाएं और हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। बेसिक शिक्षा परिषद के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का दायित्व है कि जिन बच्चों का एडमिशन हुआ है, उन्हें समय पर यूनिफॉर्म का पैसा, बैग, बुक्स, जूता-मोजा समेत आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों और पठन-पाठन का बेहतरीन माहौल हो।

**हर विद्यालय में सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार:** सीएम योगी ने सरकार द्वारा बच्चों के लिए प्रारंभ किए गए विशेष अभियान का भी जिक्र किया।कहा कि सरकार हर विद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, शिक्षकों को टैबलेट आदि तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। बेसिक शिक्षा परिषद में डेढ़ लाख से अधिक दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण भी दिए गए। गत वर्ष 13 हजार से अधिक गंभीर व बहुदिव्यांग बच्चों को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष एस्कॉर्ट अलाउंस, 23 हजार से अधिक दिव्यांग बालिकाओं को प्रतिवर्ष दो हजार रुपये स्टाइपेंड भी उपलब्ध कराया गया है।

**शिक्षा क्षेत्र में यूपी सरकार सतत कार्यरत:** मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम मोदी जी ने 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है।26 वर्ष के पश्चात भारत ने यह नीति घोषित की। लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर ही बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा देना प्रारंभ किया गया है। प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार तथा अनुदेशकों के मानदेय को 9 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 17 हजार किया है। हर शिक्षामित्र, शिक्षक, प्रधानाचार्य, रसोइया, अनुदेशक को पांच लाख रुपये वार्षिक कैशलेस इलाज की सुविधा घोषित की है।

**शिक्षकों से बोले सीएम- अगले 15 दिन खूब मेहनत कीजिए:** सीएम ने शिक्षकों से अपील की कि अगले 15 दिन जमकर मेहनत कीजिए। ग्राम पंचायत, वार्ड में जाकर हर परिवार से मिलिए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कीजिए कि किस स्कूल में अधिक से अधिक बच्चे आ सकते हैं। स्कूल में बेहतरीन माहौल दीजिए। बच्चों को प्यार से कविताओं, गानों, मुहावरों, लोकोक्तियों के माध्यम से सिखाने की नई पद्धति को जन्म देना होगा। यह शिक्षा बच्चों को जीवन भर याद रहेगी।

**मां शाकंभरी की बरस रही विशेष कृपा :** सीएम ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ मां शाकंभरी की पावन धरा पर हो रहा है। यह ईश्वरीय कृपा ही है कि देर रात्रि से यहां खूब बारिश हो रही है। किसानों के लिए अन्न भंडारण करने और भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मां शाकंभरी की विशेष कृपा बरस रही है। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, कुंवर बृजेश सिंह, विधायक मुकेश चौधरी, राजीव गुंबर, देवेंद्र कुमार निम, पूर्व सांसद राघव लखनपाल, प्रदीप चौधरी, सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 77 शिकायतेः जिलाधिकारी




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 77 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया।जनसुनवाई मे नगर मजिस्टेट संजय कुमार व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर देवबंद में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

लोक तंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**



**देवबंद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राव अनवर के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

इस अवसर पर राव अनवर ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करते हैं। राव अनवर ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और युवाओं, किसानों, मजदूरों तथा आम जनता के हितों के लिए लगातार कार्य करती रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश के युवाओं को नई ऊर्जा और बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राव मास्टर जाबिर, राव उमेर, छात्र नेता राव गुलफाम, तहसील, राव डॉ. सुहेल, राव यावर सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर द् दून वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया चिकित्सकों का सम्मान

लोक तंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**




**देवबंद ।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर द् दून वैली पब्लिक स्कूल, देवबंद के विद्यार्थियों ने समाज के प्रति समर्पित चिकित्सा सेवाओं के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. डी.के. जैन जी, डॉ. अनुज गोयल , डॉ.अनवर सईद के साथ डॉ. लक्ष्य गुप्ता जी, डॉ. सऊद नफीस जी, डॉ.मोहम्मद सलमान जी, डॉ. सौरभ यादव जी व डॉ. रिंकिया चौधरी के चिकित्सालय पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ एवं सम्मान-चिन्ह भेंट कर चिकित्सकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपनी निस्वार्थ सेवा, मानवीय संवेदनाओं और समर्पण के माध्यम से समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे ऐसे सभी चिकित्सकों के प्रति सम्मान, आभार और विश्वास व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है, जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा-भाव से असंख्य लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान की है।

विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि चिकित्सकों का समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और वे अपने समर्पण व सेवा-भाव से मानवता की सेवा करते हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा शर्मा ने कहा कि चिकित्सक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका समर्पण, सेवा-भाव और मानवीय दृष्टिकोण प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों मेंऽ सामाजिक उत्तरदायित्व, निःस्वार्थ सेवा की भावना तथा अपने आदर्शों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती नेहा ब्याडवाल ने प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण, शिथिलता पर जताई नाराजगी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी हरदोई, श्रीमती नेहा ब्याडवाल द्वारा आज विकास खण्ड बावन के उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठारी एवं आंगनबाड़ी केंद्र भिठारी का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 121 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष केवल 60 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्यालय में स्वीकृत चार शिक्षकों के सापेक्ष केवल एक शिक्षक उपस्थित मिले, जबकि तीन शिक्षक अवकाश पर थे ।विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। परिसर में मलवा एवं घास-फूस जमा मिला, जबकि विभागीय निर्देशों के अनुसार अवकाश के दिनों में विद्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित की जानी थी। इसके अतिरिक्त पर्याप्त बेंच उपलब्ध होने के बावजूद कक्षा-6 के कुछ विद्यार्थियों को दरी पर बैठाकर अध्ययन कराया जा रहा था।

मुख्य विकास अधिकारी ने इसे विद्यालय प्रबंधन एवं रखरखाव के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री अजय कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी, बावन को शिथिल पर्यवेक्षण के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए ।मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में बाल पेंटिंग एवं एस्ट्रोनॉमी लैब के अंदर एवं बाहर क्षतिग्रस्त हो चुकी पेंटिंग का पुनः रंग-रोगन कराने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को भी दिए ।इसके उपरांत विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भिठारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती रजौली देवी अनुपस्थित मिलीं, जबकि सहायिका श्रीमती निर्मला देवी उपस्थित थीं। केंद्र पर पंजीकृत 45 बच्चों के सापेक्षमात्र दो बच्चे उपस्थित पाए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्र के संचालन में गंभीर शिथिलता पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती राजौरी देवी एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती नीलू कश्यप तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला कार्य क्रम अधिकारी को दिए ।निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) श्री प्रदीप पाल, जिला पंचायत राज अधिकारी सुश्री श्रेया उपाध्याय तथा खण्ड विकास अधिकारी बावन डॉ. राम प्रकाश भी उपस्थित रहे।

## लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के सात अंडरग्राउंड स्टेशनों का निर्माण शीघ्र

**लोक तंत्र की अवाज़**
**रत्ना**



**सबसे बड़ा सिविल टेंडर जारी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (फेज-1बी) के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। चारबाग से वसंतकुंज तक प्रस्तावित 11.165 किलोमीटर लंबे ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के अंतर्गत बनने वाले 7 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों एवं संबंधित सुरंग निर्माण के लिए लगभग ₹1877.89 करोड़ का प्रमुख सिविल निर्माण टेंडर जारी कर दिया गया है।यह परियोजना लखनऊ मेट्रो फेज-1बी का अब तक का सबसे बड़ा सिविल टेंडर है ।उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने जानकारी दी है कि यूपीएमआरसी लगभग ₹5801 करोड़ की लागत से लखनऊ मेट्रो फेज-1बी (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) का निर्माण कर रहा है। परियोजना के तहत पांच एलिवेटेड एवं सात अंडरग्राउंड सहित कुल 12 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। एलिवेटेड व अंडरग्राउंड दोनों सेक्शन का निर्माण समानांतर रूप से किया जाएगा, जिससे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन शुरू किया जा सके।

**जुलाई को खोला जाएगा टेंडर:** टेंडर प्रक्रिया के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को टेंडर खोला जाएगा। सफल बोलीदाता के चयन के बाद कार्यादेश जारी किया जाएगा तथा कार्य प्रारंभ होने की तिथि से 36 माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इस टेंडर के अंतर्गत चारबाग से चौक तक अंडरग्राउंड मेट्रो सेक्शन का निर्माण किया जाएगा। इसमें आधुनिक सुरंग निर्माण के साथ सात अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों का निर्माण भी शामिल है।इसके अतिरिक्त, चौक मेट्रो स्टेशन से एलिवेटेड कॉरिडोर को जोड़ने के लिए लगभग 350 मीटर लंबा रैंप भी निर्मित किया जाएगा।

## हरदोई में विशेष संचारी एवं दस्तक अभियान का भव्य शुभारम्भ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने की साफ-सफाई की अपील

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**



**हरदोई।** संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज 'विशेष संचारी एवं दस्तक अभियान' का भव्य शुभारम्भ किया गया । नयागांव मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद की प्रथम नागरिक व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने फीता काटकर किया ।शुभारम्भ के बाद आम जनमानस से अपील करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने स्वच्छता पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि, "सभी नागरिक साफ़-सफाई के प्रति जागरूक रहें और अपने घरों के भीतर या आस-पास जल भराव न होने दें। कोई भी बुखार जानलेवा हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर बिना समय गंवाए तुरंत नजदीकी चिकित्सालय से सम्पर्क करें ।"

मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० भवनाथ पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान 01 जुलाई 2026 से शुरू होकर 31 जुलाई 2026 तक पूरे एक महीने चलेगा । अभियान में सम्मिलित सभी विभाग जैसे नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन, कृषि, स्वास्थ्य इत्यादि सभी विभाग अपने निर्धारित कार्य करेंगें । दस्तक अभियान दिनांक 11 जुलाई 2026 से चलेगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास परियोजना विभाग की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर मोर्चा संभालेंगी । वह परिवारों को संचारी रोगों, मच्छर से बचाव के बारे में और हैण्डवाशिंग (हाथ धोने के सही तरीकों) के प्रति जागरूक करेंगी ।

इसके अलावा, टीम घर-घर जाकर खांसी, जुकाम, बुखार, फाइलेरिया, कुष्ठ और तपेदिक (टीबी) के लक्षण वाले रोगियों के साथ-साथ कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर उनकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को देगी। स्वास्थ्य टीमें घरों के भीतर जाकर उन हॉटस्पॉट्स की भी जांच करेंगी जहाँ मच्छर पनप सकते हैं (सोर्स डिडक्शन) एवं उसका निस्तारण करवाएंगी ।इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० अरविन्द सचान, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल डॉ० सुरेन्द्र कुमार, 100 शैय्या चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ० अनिल, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डॉ० सी०बी० सिंह और डॉ० राजेश सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

**अभियान की मुख्य विकास अधिकारी ने ली बैठक:** विशेष संचारी अभियान की द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक मुख्य विकास अधिकारी नेहा डब्याल की अध्यक्षता में स्वर्ण जयंती सभागार विकास भवन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अभियान में अपने निर्धारित कार्य तत्परता से करें एवं प्रत्येक गतिविधि की फोटो ग्रुप पर भेजें जिसमें एक्चुअल मानिटरिग की जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अभियान में सम्मिलित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोहम्मद टिप्पू की मौत हादसा नहीं, हत्याः बहन शमा परवीन ने SP मुंगेर से लगाई इंसाफ की गुहार, बोलीं



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट सुमन कुमार
तारापुर, मुंगेर। मुंगेर। दिलावरपुर निवासी मोहम्मद हसरत हुसैन उर्फ टिप्पू की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक की बहन सम परवीन ने एसपी मुंगेर न्याय की गुहार लगाई है। उनका साफ कहना है कि उनके भाई की मौत सड़क हादसा नहीं बल्कि सोची-समझी हत्या है। बहन शमा परवीन ने बताया, ?हमारे भाई का एक्सीडेंट नहीं हुआ है, बल्कि मार के फेंका गया है। अगर एक्सीडेंट होता तो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त होती, लेकिन वो बिल्कुल सही है। जिस गली में घटना बताई जा रही है, वहां आज तक बाइक एक्सीडेंट की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वहां न खून का निशान है, न ही कोई CCTV फुटेज।? उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रात 2 बजे लाल दरवाजा निवासी सोनू घटनास्थल पर क्या कर रहा था? ?हमने मीडिया को लिखित तौर पर दिया है कि सोनू से तीन दिन पूर्व बहुत झगड़ा हुआ था। सोनू ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।? बहन शमा परवीन ने बताया कि टिप्पू घर का इकलौता कमाने वाला था। ?उसके दो मासूम बच्चे हैं, बूढ़ी मां है और लगभग 12 परिवार के सदस्यों की जिम्मेदारी उसी पर थी। हम राजनीति नहीं करना चाहते, सिर्फ न्याय चाहते हैं और जो हमने खोया है उसका मुआवजा भी।है परिवार वाले का कहना है गुनहगार सोनू को बचाने की राजनीति ही हो रही है परिवार का कहना है कि गम के माहौल के कारण वे SP से मिल नहीं पाए, लेकिन कार्यालय जाकर अपनी बात रखने की कोशिश की। अब उन्होंने निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और परिवार के लिए आर्थिक मदद की मांग की है।

### पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापना करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट सुमन कुमार
मुंगेर ।अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद मुंगेर जिला इकाई के मीडिया प्रभारी एडवोकेट प्रणव कुमार ने परिषद की ओर से मुंगेर में पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना करने की मांग को लेकर मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को सौंपे अपने ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मुंगेर में पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना होनी चाहिए क्योंकि मुंगेर एक पुराना और ऐतिहासिक शहर है जिसका अपना ही अलग महत्व है यहां उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना होने से मुंगेर के आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी साथ ही पटना व अन्य न्यायालय के काम के भार में सहूलियत होगी उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया है की मुंगेर में पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना जल्द से जल्द करने की कृपा की जाए।

### राजस्व अधिकारी मनोहर कुमार स्थानांतरण

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती अंचल से पूर्व राजस्व अधिकारी श्री मनोहर कुमार का नाथनगर, भागलपुर में अंचल अधिकारी के पद पर स्थानांतरण होने पर आम जनता, नेता, कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी। पीरपैंती अंचल में उनके स्थानांतरण की खबर के बाद आम जनता के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ देखने को मिल रही हैं। उम्मीद है कि नए पद पर वे निष्पक्ष, पारदर्शी और जनहित में बेहतर कार्य करेंगे।

### ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन कि नई समिति का गठन किया गया प्रणव बने महासचिव


ऑल बिहार ट्रेड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन
कार्यालय आदेश
मुंगेर जिला अंतर्गत नव नियुक्त पदाधिकारी
मुंगेर जिला स्तरीय पदाधिकारियों की सूची:-

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट सुमन कुमार
तारापुर, मुंगेर। मुंगेर आल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाऊंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चंद्र सिंह के नेतृत्व एवं संगठन विस्तार हेतु लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन मुंगेर जिला इकाई के जिला अध्यक्ष मनीष यादव के समक्ष मंगलवार को समिति का गठन किया गया ।जिसमें प्रणव कुमार - महासचिव, अमित कुमार- जिला उपाध्यक्ष, कुंदन कुमार- जिला उपाध्यक्ष, करिश्मा कुमारी- महिला प्रभारी, राखी सिन्हा- मीडिया प्रभारी, विक्की आनंद- ,छात्र विंग प्रतिनिधि एवं युवा संयोजक, आशीष कुमार- शैक्षणिक एवं अनुसंधान समन्वयक, कौशल कुमार- प्रखंड स्तरीय सचिव, देवव्रत- जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार-जिला कार्यकारिणी सदस्य, अंकित कुमार- जिला कार्यकारिणी सदस्य का मनोनयन हुआ। जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने अपनी नई कमिटी की सूची जारी करने के बाद कहा कि सभी आल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन के सभी नव मनोनीत पदाधिकारी को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है नव मनोनीत सभी पदाधिकारी कंधे से कंधे मिलाकर काम करेंगे और इस बार की नई कमिटी पहले से ज्यादा बेहतर और मजबूती से काम करेगा।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बदलेगी खेती की तस्वीर, किसानों को दूरसंचार और साइबर सुरक्षा की भी दी गई जानकारी



■ कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी, खेती में आधुनिक तकनीक और डिजिटल सुरक्षा पर हुआ जागरुकता सत्र

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में मंगलवार को एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में किसानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित कृषि तकनीकों के उपयोग के साथ-साथ दूरसंचार सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता खेती-किसानी की दिशा और दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से किसान फसल उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन तथा मौसम आधारित निर्णय अधिक सटीकता से ले सकते हैं। आने वाले समय में यह तकनीक भारतीय कृषि को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उद्यान विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. धीरू कुमार तिवारी तथा फसल सुरक्षा वैज्ञानिक सुमित कुमार सिंह ने बताया कि खेतों से प्राप्त आंकड़ों, उपग्रह चित्रों, ड्रोन सर्वेक्षण, संवेदकों (सेंसर) और मौसम संबंधी सूचनाओं का विश्लेषण कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराती है। इससे फसल की वृद्धि, पोषक तत्वों की आवश्यकता, रोग एवं कीट प्रकोप तथा सिंचाई की उचित मात्रा का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मौसम पूर्वानुमान में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका लगातार बढ़ रही है।अत्यधिक वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि या तेज हवा जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों की पूर्व सूचना मिलने से किसान समय रहते कृषि कार्यों की योजना बना सकते हैं, जिससे फसल नुकसान की आशंका कम होती है और उत्पादन अधिक सुरक्षित रहता है।

गोष्ठी के दूसरे सत्र में दूरसंचार कंपनी एयरटेल की ओर से दूरसंचार सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एयरटेल की प्रक्रिया नियंत्रण प्रबंधक श्रीमती प्रेरणा रंजन ने मोबाइल शुल्क योजनाओं, बिल की जानकारी, उपभोक्ता अधिकार, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान कृष्ण कुमार ने भी तकनीकी जानकारी साझा की। प्रतिभागियों को दूरसंचार विभाग, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण तथा एयरटेल की नई पहलों, जैसे 1600 नंबर श्रृंखला, प्रेषक पहचान जागरूकता, कॉलर नाम प्रस्तुति (सीएनएपी), प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क पहल (पीएम-डब्ल्यूएएनआई) तथा स्पैम सुरक्षा सेवा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही फर्जी कॉल, एकमुश्त पासवर्ड (ओटीपी), यूपीआई और केवाईसी से जुड़े साइबर धोखाधड़ी से बचने तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के लिए किसानों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इस जागरूकता सत्र को अत्यंत उपयोगी बताते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ इंजीनियर विनीता कश्यप तथा फसल उत्पादन वैज्ञानिक भारती उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय डॉक्टरर्स डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर विकास मंच द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर शहर के आधा दर्जन से अधिक चिकित्सकों को पाग, चादर, माला,पुस्तक तथा बुके से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन कर मंच ने चिकित्सा जगत में डॉक्टरों के उत्कृष्ट योगदान और उनके समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर शरबत का स्टॉल भी लगाया गया एवं 500 से अधिक राहगीरों को शरबत पिलाया गया।

समारोह की अध्यक्षता समस्तीपुर विकास मंच के संयोजक सह जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर,स्वागत सम्बोधन समस्तीपुर विकास मंच के प्रखंड संयोजक मनोज कुमार राय,संचालन समाजसेवी सह अधिवक्ता मो.शाहिद हुसैन तथा धन्यवाद ज्ञापन रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला ने की। सम्मानित होने वाले प्रमुख चिकित्सकों मे समस्तीपुर के सबसे प्रसिद्ध और अनुभवी मनोचिकित्सक डॉ.एसए आलम, आयुर्वेदिक चिकित्सक रामदेव सहनी तथा ग्रामीण चिकित्सक मदन मोहन ठाकुर आदि शामिल थे।समारोह को सम्बोधित करते हुए समस्तीपुर विकास मंच के संयोजक सह जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र के उत्थान और विकास में चिकित्सकों का योगदान अमूल्य है। वे केवल बीमारियों का इलाज नहीं करते बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करके देश की प्रगति की नींव मजबूत करते हैं।देश में चिकित्सकों का योगदान सराहनीय,अनुकरणीय तथा प्रेरणादायक है। मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता ठाकुर मनोज भारद्वाज, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, समाजसेवी संदीप सरकार, ई. राजेश कुमार, ई. रितेश कुमार पंकज, शिक्षाविद प्रो.रजनीश कुशवाहा, अजय कुमार शर्मा,प्रमोद कुमार पप्पू, राम लौलिन राय,मो. आसिफ इकबाल, सुरेश मिश्रा, डॉ.रामपुकार सिंह, रोहन राजपूत, शंकर राय,चलिन महतो आदि मौजूद रहे।

## करमटोला पहाड़ के नजदीक टैक्टर अनियंत्रित होने से एक की मौत



लोकतन्त्र की आवाज़

**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के करमटोला रेलवे स्टेशन के दक्षिण पहाड़ी क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रैक्टर पहाड़ से उतरने के क्रम मे अनियंत्रित होकर पलटी मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक मो. बल्लू खा 28 वर्षीय पिता मो. बसीर खा जो कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदर जन्ना का रहने वाला बताया गया। इस घटना की सूचना पाकर मिर्जाचौकी थाना के ए एस आई पवन कुमार ए एस आई जैकप बेसरा अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए एवम शव को साहिबगंज सदर अस्पताल पोस्ट मॉडम के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद घटना स्थल पर मृतक की पत्नी मनीषा बीबी अपने महज दो वर्ष की एक बेटी को लेकर पहुंची एवम शव को देखते ही लौट लौट कर रोने बिलखने लगी वही उनके साथ आए परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल था। इस घटना के बाद समाज में शौक की लहर दौड़ पड़ी।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को 'बिहार इन्वेस्टर समिट 2026' का विधायक इं. शैलेंद्र की पुत्री कोमल कृति ने आमंत्रण

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर नवगछिया।** बुधवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इं. शैलेंद्र की पुत्री कोमल कृति ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पीएचडीसीसीआई (PHDCCI) एवं अपनी कंपनी द्वारा बिहार सरकार के उद्योग विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाले "बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को औपचारिक आमंत्रण दिया।

कोमल कृति ने बताया कि सितंबर 2026 में पटना में प्रस्तावित यह निवेशक सम्मेलन बिहार को देश के उभरते निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार सरकार की औद्योगिक विकास संबंधी दूरदर्शी सोच, स्पष्ट निवेश रोडमैप, प्रगतिशील नीतियों, निवेशक-अनुकूल प्रोत्साहनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश एवं व्यापारिक अवसरों को देशभर के उद्योग जगत और निवेशकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का दूरदर्शी नेतृत्व, विकासोन्मुख दृष्टिकोण और औद्योगिक प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निवेशकों के विश्वास को और मजबूत करेगी। इससे उद्योग जगत के साथ सार्थक संवाद को बढ़ावा मिलेगा एवं राज्य में नए निवेश अवसरों को गति मिलेगी। कोमल कृति ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों के सहयोग से बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 को सफल बनाया जाएगा और बिहार के औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।




## ममता वाहन के अभाव में गर्भवती महिला नहीं पहुंच सकीं अस्पताल , घर पर ही बच्चे को दिया जन्म

■ उचित इलाज के अभाव में जन्म के कुछ ही देर बाद बच्चे की हुई मौत , जांच



लोकतंत्र की आवाज़

**बरहेट।** प्रखंड के भागाबांध उप स्वास्थ्य केंद्र के लाराघुटू गांव से एक झकझोर कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है । बताया गया कि ममता वाहन नहीं मिलने पर लाराघुटू गांव में एक गर्भवती महिला ने घर पर ही बच्चे को जन्म दिया । ओर उपचार के अभाव में बच्चों की मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार मुंशी टूडू की गर्भवती पत्नी बुधी मुर्मू ने एक बच्चे को जन्म दिया था ।

ममता वाहन समय पर नहीं मिलने से वह अस्पताल नहीं पहुंच सकी । ओर समुचित उपचार नहीं होने से नवजात बच्चे की मौत घर पर ही हो गई ।गर्भवती महिला के पति मुंशी टुडू ने बताया कि वाहन के लिए साहिया को सूचना दिया था ।साहिया ने बताया कि ममता वाहन हड़ताल पर है । जिसके बाद परिजन ने मृतक बच्चे को सुबह करीब 10 बजे घर के पीछे दफना दिया गया है ।इस मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान से जानकारी पर बताया कि ममता वाहन हडताल पर है। इसके साथ ही उन्होंने विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था कराने की बात कही ।इन परिस्थितियों में लोग अपने निजी वाहन या फिर गांव के किसी व्यक्ति के वाहन से गर्भवती महिला को सीएचसी में लाकर भर्ती करा सकते हैं ।हालांकि सीएस ने मामले को लेकर जांच करने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया है ।साथ ही ममता वाहन की समस्या की त्वरित समाधान का निर्देश दिया है।

## बिहपुरः राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर डॉ. आनंद विक्रम सम्मानित, समाजसेवा के लिए मिला सम्मान

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को भागलपुर जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आनंद विक्रम को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान भागलपुर जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव एवं राष्ट्रीय रेफरी घनश्याम प्रसाद ने उन्हें प्रदान किया।



इस अवसर पर महासचिव घनश्याम प्रसाद ने कहा कि डॉ. आनंद विक्रम पिछले कई वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को निःशुल्क चेचक रोधी होम्योपैथिक दवा का वितरण कर रहे हैं।उनका यह सेवा कार्य समाज के प्रति समर्पण और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का दायित्व केवल उपचार तक सीमित नहीं होता, बल्कि जनजागरूकता और समाजसेवा भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

डॉ. आनंद विक्रम ने सम्मान के लिए भागलपुर जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं और जागरूकता पहुंचाना उनका निरंतर प्रयास रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी डॉ. आनंद विक्रम के सेवा कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ताइक्वांडो कोच संजय सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मचंद भगत, संजीव पासवान, अमित कुमार, रविंद्र भारत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** गौशाला प्रांगण, भागलपुर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष चंदन पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि सुशील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंच संचालन राम राय ने की।




सुनील सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। "किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और भाजपा सरकार किसानों के सम्मान तथा समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।"

संतोष कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं को सेवा और जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए।

■ योजनाओं के लाभ पर हुई विस्तृत चर्चा

चंदन पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे।

**इस अवसर पर उपस्थित रहेः** पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल, उपाध्यक्ष जयजीत दत्ता,श्रीमती कविता सिंह, महामंत्री आशीष गुप्ता, कन्हैया झा सहित कई मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खानपुर व कल्याणपुर में नए राजकीय महाविद्यालयों की तैयारियों का जिला पदाधिकारी ने लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत जिले में प्रस्तावित नए राजकीय महाविद्यालयों के संचालन की तैयारियों का जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को खानपुर और कल्याणपुर प्रखंड में स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत संरचना एवं पठन-पाठन शुरू करने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने भवन की स्थिति, फर्नीचर, आवश्यक उपस्करों की उपलब्धता, सामग्री की खरीद एवं आपूर्ति, शिक्षकों की पदस्थापना एवं प्रतिनियुक्ति, पेयजल, बिजली, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी प्रेम शंकर झा तथा संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से तैयारियों की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि महाविद्यालयों का नियमित संचालन जल्द शुरू हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के खानपुर, कल्याणपुर, सिंघिया, विभूतिपुर और विद्यापतिनगर प्रखंडों में कुल पांच नए राजकीय महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इनके शुरू होने से इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी और पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भरता कम होगी। इससे उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान होने के साथ छात्र-छात्राओं का समय और आर्थिक व्यय भी बचेगा।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात चंपारण साँस्कृतिक महोत्सव समिति,मोतिहारी ने पूर्वी चंपारण के नवनियुक्त जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव (भा.प्र.से.) को सम्मानित कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति की वर्किंग प्रेसिडेंट डॉ. चन्द्रलता झा के नेतृत्व में प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार,अनिल वर्मा,नीता शर्मा एवं संजय पाण्डेय ने बुधवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव को उनके कार्यालय कक्ष में अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे जिले का समुचित विकास हो,चंपारण की ऐतिहासिक,पौराणिक व सांस्कृतिक विरासतें संरक्षित हो तथा कला– साहित्य – संस्कृति के क्षेत्र मे जिला नयी उपलब्धियों की सीढ़ियाँ चढ़े। चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति, मोतिहारी ऐसी कामना करती है।

### मोतिहारी पुलिस की अपील: पुरानी गाड़ी खरीदने से पहले डीटीओ में अवश्य कराएं जांच



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी पुलिस ने जिले वासियों से पुरानी गाड़ी खरीदने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। सदर डीएसपी–2 जितेश पांडेय ने कहा कि किसी भी पुरानी गाड़ी को खरीदने से पहले उसके रजिस्ट्रेशन नंबर एवं संबंधित दस्तावेजों की जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) में जांच अवश्य करा लें। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वाहन चोरी का नहीं है और उसके सभी दस्तावेज वैध हैं। उन्होंने कहा कि वाहन की सत्यता की जांच कराने से लोग कानूनी परेशानियों से बच सकते हैं। मोतिहारी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि केवल उचित सत्यापन के बाद ही किसी भी पुराने वाहन की खरीद–बिक्री करें, ताकि चोरी के वाहनों के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरी बाइक, तीन युवक गंभीर



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** गोबर्धना थाना क्षेत्र के बनकटवा पंचायत के झुगंहवा टोला गांव के तीन युवक रविवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सैनिक रोड पर पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक गिरने से यह दुर्घटना हुई। घायलों का प्राथमिक उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र राम के पुत्र नीतीश कुमार, विद्याराम के पुत्र कुंदन कुमार तथा सुकट राम के पुत्र मुन्ना कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर सैनिक रोड के रास्ते चिऊटंहा जा रहे थे। इसी दौरान पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे के पास बाइक अनियंत्रित होकर उसमें जा गिरी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विनय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। डॉ. विनय कुमार ने बताया कि घायलों में एक युवक की हालत काफी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि हादसे के समय तीनों युवक हेलमेट नहीं पहने हुए थे, जिससे उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुल निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# मोतिहारी:सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
दिनांक 01.07.2026 को पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद सह राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार,हरसिद्धि विधायक कृष्णानंदन पासवान,मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, चिरैया विधायक लाल बाबू प्रसाद गुप्ता,केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा,सुगौली विधायक राजेश कुमार गुप्ता,ढाका विधायक फैसल रहमान, रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा तथा नरकटिया विधायक विशाल कुमार उपस्थित रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी- सह-संयोजक सौरभ सुमन यादव, विद्युत अधीक्षण अभियंता- सह-सदस्य सचिव राकेश रौशन,सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा सहित विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता,सहायक विद्युत अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी माननीय विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विद्युत तार एवं पोलों के प्रतिस्थापन,जर्जर विद्युत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा अतिरिक्त वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से सदर अस्पताल परिसर में नया पावर सब-स्टेशन (पीएस एस), ई-हाउस आधारित पीएस एस, एमएस. कॉलेज के समीप नया पीएस एस तथा पदुमकेर-पताही क्षेत्र में नए पावर सब-स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, ताकि बढ़ते विद्युत भार के अनुरूप उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले को प्रथम चरण में कुल 13,419 बीपीएल परिवारों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस कार्य के निष्पादन हेतु ओसवाल पम्प्स लिमिटेड को कार्य आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त, कृषि (एजी) फीडरों से चोरी हुए विद्युत तारों को अविलंब बदलने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत चोरी एवं तार चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनभागीदारी एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सभी महत्वपूर्ण सुझावों एवं प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन विद्युत विभाग द्वारा दिया गया। बैठक का सफल संचालन प्रदीप कुमार सुमन, कार्यपालक विद्युत अभियंता,विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मोतिहारी द्वारा किया गया।

## गंडक के बढ़ते जलस्तर को लेकर विधायक ने पी तटबंध का लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज

● पिपरासी से ठकराहा तक संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण, अधिकारियों ने कहा-हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी पूरी

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा/पिपरासी। मानसून की दस्तक के साथ गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पिपरासी से ठकराहा तक स्थित पी तटबंध पर हर वर्ष कटाव का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए वाल्मीकिनगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने मंगलवार को तटबंध का निरीक्षण कर उसकी स्थिति और विभागीय तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कटाव संभावित स्थलों का अवलोकन किया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से बाढ़ एवं कटाव से बचाव की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को तटबंध की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता, एसडीओ एवं अन्य अधिकारियों ने विधायक को बताया कि विभाग पूरी तरह सतर्क है। कटाव निरोधी सामग्री, मशीनरी और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर ली गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग की टीमें तैयार हैं। विधायक ने कहा कि बरसात के दौरान तटबंधों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने और समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि बाढ़ व कटाव से जन-धन की क्षति को रोका जा सके। यह प्रस्तुति दैनिक जागरण की खबरों की तरह संक्षिप्त, तथ्यपरक और समाचार शैली में तैयार की गई है। यदि निरीक्षण की तारीख, स्थान या साथ मौजूद अधिकारियों के नाम हों, तो उन्हें भी जोड़ा जा सकता है।

## गुप्त सूचना पर छापेमारी, 5.2 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** बंजरिया थाना क्षेत्र के गोकुला गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 5.2 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से गांजा बरामद कर जब्त कर लिया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत् प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत् मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई की जा रही हैं।

## चोरों का दुस्साहस : सेवानिवृत्त शिक्षिका को हथियार दिखाकर 20 हजार नकद व चांदी के सिक्के ले उड़े

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**
बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की आधी रात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर इलाके में दहशत फैला दी। वार्ड संख्या 28 स्थित एक चिकित्सक के घर में लाखों रुपये की चोरी के बाद चोरों ने ठाकुरबाड़ी गली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका आशा कुमारी के घर में भी वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर चोर ने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और करीब 20 हजार रुपये नकद व 15 चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, आशा कुमारी मंगलवार की रात घर में अकेली सो रही थीं। आधी रात के बाद चोर खिड़की तोड़कर घर में घुस गया और कमरे तक पहुंच गया। आहट मिलने पर उनकी नींद खुली और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर चोर ने उनके पास पहुंचकर हथियार सटा दिया और चुप रहने की धमकी दी। हालांकि, शिक्षिका लगातार शोर मचाती रहीं। लोगों के जागने की आशंका से घबराकर चोर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घर की जांच करने पर गोदरेज अलमारी का ताला खुला मिला। अलमारी से करीब 20 हजार रुपये नकद और लगभग 15 चांदी के सिक्के गायब थे। इसके बाद पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना एक ही रात में दो घरों में चोरी, हथियार के बल पर शिक्षिका से नकदी व चांदी के सिक्के लूटे; पुलिस जांच में जुटी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। एक ही रात में दो चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने किया पर्यवेक्षण गृह,मोतिहारी का निरीक्षण, बच्चों की शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं पर दिया विशेष जोर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव द्वारा बुधवार को पर्यवेक्षण गृह,मोतिहारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही आवास,स्वास्थ्य, शिक्षा,सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह के विभिन्न कक्षों,शयन कक्ष एवं स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि पर्यवेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चों को आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी नियमित पढ़ाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उनका शैक्षणिक विकास निर्बाध रूप से जारी रहे। साथ ही उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित परामर्श, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के संचालन पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान भवन में पाई गई कमियों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत एवं अन्य आधारभूत कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षण गृह में रह रहे प्रत्येक बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक,बाल संरक्षण,पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सहरसा के सभी प्रखंडों में 15 स्थानों पर लगा सहयोग शिविर, सरकारी योजनाओं का मिला लाभ

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**
जिला प्रशासन सहरसा की ओर से मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों के चिन्हित 15 स्थलों पर सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागों की सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी और सुगम लाभउपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर पात्र लाभुकों को आवेदन स्वीकृति से संबंधित प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज मौके पर ही उपलब्ध कराए गए। साथ ही लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत के साथ प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच आमजन तक सुनिश्चित हो रही है। यह पहल शासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी प्रभावी साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि अगला सहयोग शिविर 7 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। सभी पात्र नागरिकों से अपने निकटतम सहयोग शिविर में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## सहयोग शिविर में 91 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन, लाभुकों को मिली त्वरित राहत एक ही छत के नीचे मिली राहत, लाभुकों को मौके पर मिले प्रमाण पत्र

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता**
जिला के बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के जमालनगर पंचायत अंतर्गत सामुदायिक भवन प्रियनगर में मंगलवार को आयोजित विशेष सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 91 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) गुलशन कुमार झा ने की, जबकि जिला मुख्यालय से पहुंचे डीसीएलआर शितु शर्मा की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया। शिविर में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सूची में नाम जोड़ने, मनरेगा जॉब कार्ड निर्गत करने, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। डीसीएलआर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के स्टॉल पर भेजा,जहां अधिकारियों एवं कर्मियों ने अधिकांश मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया। आवेदनों के निष्पादन के बाद डीसीएलआर शितु शर्मा, बीडीओ गुलशन कुमार झा तथा पंचायत की मुखिया रीता देवी ने संयुक्त रूप से लाभुकों को प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए। लंबे समय से कार्यालयों के चक्कर लगा रहे लोगों को मौके पर ही समाधान मिलने से उनके चेहरे पर खुशी और संतोष देखने को सहयोग शिविर माओं के सम19 2026 मिला। इस अवसर पर अधिकारियों ने आम लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा आयोजित सहयोग शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। बीडीओ गुलशन कुमार झा ने बताया कि शिविर में प्राप्त सभी 91 आवेदनों पर संबंधित विभागों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही निष्पादन किया, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली।

## राजकीय डिग्री महाविद्यालय सौर बाजार में प्रथम सत्र 2026-30 का इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** उच्च शिक्षा की नई शुरुआत और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदों के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सौर बाजार में प्रथम सत्र 2026-30 के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, परीक्षा प्रणाली तथा भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार झा, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय ने कहा कि महाविद्यालय जीवन केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान और संस्कार का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. अशोक कुमार सिंह तथा कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा व्यवस्था और करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार झा ने की। इस अवसर पर डॉ. सुमंत राव, धनंजय कुमार, भगवती प्रसाद, मुन्ना कुमार, जितेंद्र कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर उत्साह व्यक्त किया। पूरा परिसर शिक्षा, ऊर्जा और नई उम्मीदों के माहौल से सराबोर नजर आया।

# संक्षिप्त खबरें ।

## कहलगांव में कुएं से विवाहिता का शव बरामद

केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती/ कहलगांव** कहलगांव थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव कुएं से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने पति समेत तीन लोगों पर हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि विवाहिता को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भागलपुर में रेल इंजन पर पथराव, शीशा टूटा, लोको पायलट घायल

केदार नाथ पाण्डेय।
**भागलपुर।** भागलपुर के भीखनपुर नंबर-1 गुमटी के पास मंगलवार देर रात यार्ड की ओर जा रहे एक रेल इंजन पर असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। इस घटना में इंजन का अगला शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, जबकि लोको पायलट को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को तत्काल सूचना दी गई। घायल लोको पायलट को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। पथराव के कारण कुछ देर के लिए परिचालन प्रभावित रहा, हालांकि बाद में आवश्यक कार्रवाई के बाद इंजन को आगे रवाना किया गया। रेलवे सुरक्षा बल (फ्ढा) और स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और पथराव करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान के प्रयास जारी हैं। रेलवे प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है। साथ ही संवेदनशील रेलखंडों पर निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## पुलिस की कार्रवाई: चोरी और शराब कांड के दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** पुलिस ने लंबित कांडों में फरार चल रहे बाइक चोरी व शराब कांड के दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय नवादा में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि चोरी के बाइक के सहयोग से शराब की तस्करी मामले में थाना कांड संख्या 256/26 के अप्राथमिक अभियुक्त शोहदा गांव निवासी केदार पासवान के पुत्र शंकर कुमार उर्फ शंकर पासवान को एएसआई सत्यदेव प्रसाद ने पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर कुंभियातरी जंगल के पिछली नदी के किनारे चल रहे दर्जनों शराब भट्ठियों के मामले में पुलिस ने वर्ष 2021 में थाना कांड संख्या 288/21 में 10 शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त दुलरपुरा गांव निवासी माहेश्वरी प्रसाद के पुत्र गुड्डू कुमार उर्फ आयुष राज को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर फरार व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शराब, चोरी व अन्य कांडों में फरार आरोपियों को लगातार ट्रेस कर दबोचा जा रहा है। न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। लगातार हो रही गिरफ्तारी से शराब माफियाओं व चोरी के धंधेबाजों में हड़कंप मचा है।

## हमारा दायित्व विषय पर किया गया कार्यशाला आयोजित



**समस्तीपुर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण,समृद्धि एवं लोगों के जीवन में इसके महत्व व हमारा दायित्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं को इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन के प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव मो .अशरफ एवं निधि कुमारी के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के घटक,उनके संरक्षण,पर्यावरण प्रदूषण,पर्यावरण हमारे जीवन के लिए क्यों उपयोगी है,इन बिंदुओं पर विचार गोष्ठी की गई ।कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने दो तरफा संप्रेषण के माध्यम से अपने अपने विचारों को रखा। बच्चों ने निधि कुमारी के आनंददायी गतिविधि में काफी बढ़कर हिस्सा लिया और आनंददाई वातावरण का लाभ उठाया। मौके पर बाल संसद की संयोजक शिक्षिका खुशबू कुमारी,विभा कुमारी,कोमल पांडे आदि के समक्ष बच्चों ने पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दोहराया।

# रजौली में जैव विविधता प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित, ग्रामीणों को दिए संरक्षण के गुर

### वन प्रमंडल नवादा के सौजन्य से छपरा पंचायत भवन में हुआ आयोजन, 200 रुपये भत्ता के साथ बांटी गई सामग्री



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** वन प्रमंडल नवादा के सौजन्य से बुधवार को रजौली प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रजौली पश्चिमी के पंचायत सरकार भवन छपरा में जैव विविधता प्रबंधन समिति की जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रजौली, सिरदला और जिले के विभिन्न समिति सदस्यों को जैव विविधता प्रबंधन के गुर सिखाए गए। कार्यशाला में राज्य स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य डिप्टी डायरेक्टर मिहिर कुमार झा, अमरेश बिहारी झा और हेम कांत राय विशेष रूप से शामिल हुए। इनके अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी नवादा कृष्णा श्रेष्ठ, केवीके सिखोदौरा के कृषि वैज्ञानिक, मत्स्य पालन पदाधिकारी, पशु चिकित्सक डॉ. अभय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजौली इंद्रजीत कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रजौली हरिमोहन कुमार, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी रजौली नारायण लाल सेवक के साथ सभी फॉरेस्टर और वन रक्षी कर्मी मौजूद रहे। कार्यशाला में रजौली पश्चिमी ग्राम पंचायत की जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य गण के साथ-साथ रजौली, सिरदला और जिला से आए अन्य समिति सदस्यों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने जैव विविधता के संरक्षण, स्थानीय वनस्पतियों-जीवों की पहचान, पीपल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर (ढइफ) बनाने, वनों के संरक्षण और सतत विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने जैविक खेती और स्थानीय बीजों के संरक्षण पर जोर दिया। मत्स्य व पशु चिकित्सा अधिकारियों ने जलीय और पशु जैव विविधता के महत्व को समझाया।
आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला में आए सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही एक सुंदर झोले में जैव विविधता से संबंधित मटेरियल और कलम भी दिया गया। प्रतिभागियों को आने-जाने के लिए 200 रुपये प्रति सदस्य भत्ता भी दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आए सदस्यों को काफी सहूलियत हुई।

**डीएफओ ने बताया कार्यशाला का उद्देश्य :** वन प्रमंडल पदाधिकारी कृष्णा श्रेष्ठ ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत हर पंचायत में जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन अनिवार्य है। इन समितियों का मुख्य काम स्थानीय जैव संसाधनों का दस्तावेजीकरण और उनके संरक्षण की योजना बनाना है। कार्यशाला का उद्देश्य जमीनी स्तर के सदस्यों को उनके अधिकार और कर्तव्यों से अवगत कराना था, ताकि गांव स्तर पर जैव विविधता को बचाया जा सके। कार्यशाला में शामिल सदस्यों ने आयोजन को बहुत सुंदर और प्रभावशाली बताया। रजौली पश्चिमी के समिति अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार इतनी बारीकी से जैव विविधता के बारे में समझने का मौका मिला। अब हम अपने पंचायत का पीबीआर रजिस्टर बेहतर तरीके से बना पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और सदस्यों ने जैव विविधता संरक्षण की शपथ भी ली।

# गोह औरंगाबाद, पीएचसी में नेशनल एश्योरेंस स्टैंडर्ड टीम का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,** गोह (औरंगाबाद) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम के आगमन से पहले अस्पताल परिसर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का कार्य किया गया। इसे लेकर स्थानीय लोगों और कुछ मरीजों के परिजनों ने सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पताल की व्यवस्था केवल अधिकारियों के दौरे के समय ही सुधारी जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निरीक्षण की सूचना पहले से अस्पताल कर्मियों को मिल जाती है, जिसके कारण आनन-फानन में सफाई, रंग-रोगन और अन्य तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। उनका कहना है कि यदि निरीक्षण वास्तव में निष्पक्ष तरीके से करना है तो अधिकारियों को बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण करना चाहिए, ताकि अस्पताल की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के स्वागत-सत्कार पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जबकि मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का ख्याल जरा भी नही रखा जाता है। उनका कहना है कि जांच के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी गंभीरता से समीक्षा होनी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि निरीक्षण के दौरान यह भी देखा जाना चाहिए कि अस्पताल प्रभारी और अन्य कर्मी नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर आते हैं या नहीं, तथा अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ मौजूद है या नहीं। हालांकि, इस संबंध में अस्पताल प्रशासन या निरीक्षण करने पहुंची (एन्क्यूएस) टीम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि स्थानीय लोगों द्वारा लगाए गए आरोप सही हैं, तो यह स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। वहीं निष्पक्ष जांच और अस्पताल प्रशासन का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## दरधा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मार-पीट की घटना में छह लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,** गोह (औरंगाबाद)गोह थाना क्षेत्र के दरधा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर फोन पर स्टेटस डालना एक युवक को महंगा पड़ गया। इसको लेकर बुधवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से तीन महिला तीन पुरुष घायल हो गए। घायलों में हकीम शाह, बसीर साह, मोकिम साह,शयरुन खातून , रवीना खातून, हुस्ना खातून, सहित अन्य शामिल हैं।सभी घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में इलाज कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही रिजवान की पुत्री से बसीर का दो वर्ष पहले प्रेम प्रसंग था। हालांकि परिवार के सहमति से उस लड़की की शादी किसी दूसरे लड़के से हो गई है। लेकिन दरधा गांव निवासी बसीर शाह उस लड़की के शादी के बाद मोबाइल से सबंधित फोटो अपने इंस्टाग्राम, फेसबुक अकाउंट पर बराबर स्टेटस लगा रहा था। जिससे लड़की पक्ष के लोग कई बार समझौता भी किया गया था लेकिन बसीर शाह नहीं माना। ग्रामीणों ने बताया कि उसी विवाद को सुलझाने के लिए फिर से समझौता किया जा रहा था, इसी दौरान दोनों तरफ से तू-तू-मैं-मैं होते होते गाली गलौज के साथ घटना मार-पीट में बदल गया। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर लाठी डंडे से लगातार हमला करते नजर आ रहे हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ितों के द्वारा आवेदन मिला है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पटना : बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनशक्ति जनता दल की संभावित प्रत्याशी होंगी वीना मानवी

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता विनोद प्रसाद
**पटना।** बिहार में बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई इस सीट पर अब सभी दलों की नजरें टिकी हैं। इसी बीच तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल ने अपनी चुनावी रणनीति का खुलासा करते हुए बड़ा दांव खेला है। तेज प्रताप यादव ने मंगलवार 30 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी दी कि सामाजिक कार्यकर्ता वीना मानवी ने आधिकारिक रूप से जनशक्ति जनता दल की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी ने उन्हें बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना संभावित प्रत्याशी घोषित किया है। तेज प्रताप ने वीना मानवी पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनकी सेवा-भावना और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। वीना मानवी को पार्टी का प्रतिनिधित्व सौंपकर जेजेडी ने साफ कर दिया है कि वह इस मुकाबले में भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है। बांकीपुर के इस रण में जनशक्ति जनता दल के अलावा प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी पूरी सक्रियता के साथ उतर चुकी है। प्रशांत किशोर की टीम ने क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। जानकारों का कहना है कि पार्टी के भीतर एक बड़ा वर्ग प्रशांत किशोर को ही उम्मीदवार के रूप में देखना चाहता है। प्रशांत किशोर ने भी स्पष्ट शब्दों में संकेत दिया है कि बांकीपुर में पिछले 40-45 वर्षों से कायम भाजपा के 'किले' को ध्वस्त करने के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने अपनी पूरी ताकत इस सीट को जीतने में लगा दी है। जुलाई या अगस्त माह में संभावित बांकीपुर उपचुनाव में जहां एक ओर भाजपा अपनी विरासत को बचाने की कोशिश में है वहीं वीना मानवी के रूप में तेज प्रताप का नया चेहरा और प्रशांत किशोर की जमीनी सक्रियता ने मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना दिया है। देखना यह होगा कि बांकीपुर की जनता इस बार किस पर अपना भरोसा जताती है।

# रजौली में जनगणना 2027 के पायलट प्रोजेक्ट का प्रशिक्षण शुरू, 3 पंचायतों में गुरुवार से स्वगणना

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** भारत की जनगणना 2027 के लिए जनसंख्या परिगणना के पूर्व परीक्षण को लेकर रजौली मध्य विद्यालय में बुधवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत रजौली में 96 प्रगणकों एवं 17 पर्यवेक्षकों को जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक अंगद सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षित किया जा रहा है।प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय से सहायक निदेशक अंगद सिंह के साथ एसआई-1 संदीप कुमार, एसआई-2 प्रताप सिन्हा और चार्ज अधिकारी सह बीडीओ संजीव झा मौजूद रहे। इस दौरान जनगणना विभाग के संयुक्त निदेशक गोपाल साह ने भी प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 से पहले देश के चुनिंदा इलाकों में ट्रायल किया जा रहा है। रजौली को भी पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। यहां मिले फीडबैक के आधार पर मुख्य जनगणना में सुधार किया जाएगा। प्रगणकों को मोबाइल ऐप और कागजी प्रक्रिया दोनों की ट्रेनिंग दी जा रही है।

**गुरुवार से 3 पंचायतों में शुरू होगी स्वगणना:** बीडीओ संजीव झा ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रखंड के तीन पंचायतों जोगियामारण, सिरोडावर एवं चितरकोली में स्वगणना का कार्य गुरुवार से शुरू कर दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इन पंचायतों में जनगणना का ट्रायल किया जाएगा, ताकि 2027 की मुख्य जनगणना में कोई परेशानी न हो।

**बारिश से प्रशिक्षण स्थल में भरा पानी :** बुधवार दोपहर हुई तेज बारिश के कारण मध्य विद्यालय परिसर में जलजमाव हो गया, जिससे प्रशिक्षण में दिक्कत आई। बीडीओ संजीव झा ने जलजमाव दूर करने के लिए नगर पंचायत से पानी खींचने वाला यंत्र मंगवाया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। बीडीओ ने कहा कि जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए आगे का कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी देखी जा रही है।

## खम्भे पर चढ़कर काम करने के दौरान सोलर एजेंसी के मिस्त्री को लगा बिजली का करंट, गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में इलाज के बाद नवादा रेफर

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के ब्लॉक रोड के समीप बुधवार की शाम बिजली के ट्रांसफार्मर लगे खम्भे पर चढ़कर काम कर रहे सोलर एजेंसी का एक मिस्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल बिजली मिस्त्री को इलाज के लिए बिजली विभाग के कर्मियों द्वार अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद एवं डॉ. मो. बरकत अली के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। बिजली मिस्त्री की पहचान झारखंड के जामताड़ा जिला निवासी सचिन यादव के 24 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। बिजली मिस्त्री का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में सहकर्मियों ने बताया कि घायल बिजली मिस्त्री मनोज कुमार सूर्यम इंटरनेशल प्राइवेट लिमिटेड नामक सोलर एजेंसी में कार्यरत है। हरदिया डैम में सोलर प्लांट के कार्य के बाद वहां से खम्बे व तार शहर की ओर लगाए जा रहे है। जिसमे सोलर एजेंसी के तार और बिजली विभाग के तार के क्रॉसिंग करने पर बिजली विभाग से शटडाउन लेकर काम कर रहा था। लेकिन इसी बीच जोरदार बिजली का करंट लगने से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में बिजली विभाग रजौली के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बिजली विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। जिसके बाद ही आगे की करवाई की जाएगी।

# पिंटू यादव हत्याकांड में मां व दो बेटों को उम्रकैद, हत्या व हत्या के प्रयास में दोषी करार, प्रत्येक पर डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड, पीड़ित परिवार को मिलेगी क्षतिपूर्ति

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** बगहा के बहुचर्चित पिंटू यादव हत्याकांड में बगहा व्यवहार न्यायालय ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-चतुर्थ मानवेन्द्र मिश्रा की अदालत ने रामनगर थाना कांड संख्या 596/2024 एवं सत्र वाद संख्या 415/2025 की सुनवाई पूरी होने के बाद अनीता देवी तथा उनके दो पुत्र गोलू कुमार यादव और कृति यादव को हत्या एवं हत्या के प्रयास का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर कुल डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की राशि मृतक पिंटू यादव के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। अदालत ने हत्या के मामले में तीनों दोषियों को आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं हत्या के प्रयास के मामले में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 50-50 हजार रुपये अतिरिक्त अर्थदंड लगाया। न्यायालय ने आदेश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रत्यक्षदर्शी गवाहों, चिकित्सकीय साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों तथा अन्य दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर आरोपों को संदेह से परे सिद्ध किया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का मूल उद्देश्य सत्य की खोज करना है और सत्य ही न्याय की आधारशिला है। विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र भारती ने अदालत को बताया कि दोषियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। गोलू कुमार यादव पर 10, कृति यादव पर पांच तथा अनीता देवी पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अदालत ने अपराध की गंभीरता और उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए कठोर सजा को आवश्यक माना।

**बॉक्स : प्रमुख बातें**

हत्या के मामले में तीनों दोषियों को आजीवन कारावास। प्रत्येक पर कुल 1.50 लाख रुपये का अर्थदंड। हत्या के प्रयास में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त कारावास। अर्थदंड की राशि मृतक पिंटू यादव के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में मिलेगी।

अभियोजन ने प्रत्यक्षदर्शी, पोस्टमार्टम, सीसीटीवी व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किए।

अदालत ने दोषियों के आपराधिक इतिहास को भी सजा तय करने में महत्वपूर्ण माना।

# मारपीट के आरोपी समेत एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

लोकतंत्र की आवाज




प्रदीप प्रसाद संवाददाता
**सिरदला नवादा।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के एक आरोपी तथा एक एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) के वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा भेज दिया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बड़गांव खिद्दा बीघा गांव निवासी विनेश्वर तांती के 33 वर्षीय पुत्र चंदन तांती के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 187/26, दिनांक 30 जून 2026 के तहत मारपीट का मामला दर्ज है। वहीं, गिरफ्तार वारंटी की पहचान चमोथा हाटपर गांव निवासी केशो पासवान के पुत्र खेलावन पासवान के रूप में की गई है, जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट निर्गत था। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिला पदाधिकारी द्वारा राजकीय डिग्री महाविद्यालय शिवसागर का किया गया निरिक्षण



लोकतंत्र की आवाज
शिवसागर। बुधवार को जिला पदाधिकारी रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा राजकीय डिग्री महाविद्यालय शिवसागर का निरीक्षण किया गया |निरीक्षण के क्रम के जुलाई माह से डिग्री महाविद्यालय में संचालन प्रारंभ से संबंधित किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया |साथ ही शिवसागर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय आलमपुर एवं मध्य विद्यालय आलमपुर का भी निरीक्षण किया गया |जिसमे माध्यमिक विद्यालय में आज से संचालित वर्ग 9 से 12 का परीक्षा,ICT लैब,उन्नयन कक्ष,प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण किया गया |निरीक्षण के दौरान माध्यमिक विद्यालय में बेसिन से पानी की निकासी नहीं होने पर अविलम्ब सही करने हेतु प्रधानध्यापक को निदेशित किया गया |राजकीय डिग्री महाविद्यालय में किये जा विकास कार्यो एवं विद्यालय संचालन पर संतोषप्रद व्यक्त किया गया।

### नासरीगंज : 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। थाना क्षेत्र के पडुरी टोला से एसआई रोहित कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिय।गिरफ्तार शराब धंधेबाज पडुरी टोला निवासी बबन चौधरी बताया जाता हैं।प्रभारी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर प्रात। गस्ती में तैनात एसआई रोहित कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पडुरी टोला से एक धंधेबाज को 10 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ कर थाना लाया गया।बाद में कांड दर्ज कर धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

### जमीनी विवाद में मारपीट के आरोप में तीन सगे भाई गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

लोकतंत्र की आवाज
दिनारा। दिनारा पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन सगे भाईयों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने दी ।उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सैंसड़ के समीप स्थित लोहाडीह निवासी नंदजी यादव, राजू यादव एवं तेजनारायण यादव उर्फ तेजू यादव के विरुद्ध जमीनी विवाद में मारपीट करने के आरोप में स्थानीय थाना कांड संख्या 392/26 दर्ज किया गया था । मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है ।

### राघोडीहरा मारपीट मामले में दोनों पक्षों से एक-एक आरोपी गिरफ्तार, 14 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
लोकतंत्र की आवाज
सूर्यपूरा। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोडीहरा गांव में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से एक- एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राघोडीहरा निवासी जयनाथ सिंह तथा प्रमोद साह के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि इस घटना के संबंध में कांड संख्या 208/26 एवं 209/26 दर्ज किया गया है ।कांड संख्या 208/26 में जयनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया, जबकि कांड संख्या 209/26 में प्रमोद साह को पुलिस ने हिरासत में लिया ।दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।उन्होंने बताया कि मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हुआ है ।घायलों का उपचार सूर्यपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कराया गया ।पुलिस के अनुसार कांड संख्या 208/26 में चार तथा कांड संख्या 209/26 में दस लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है ।इस प्रकार दोनों पक्षों से कुल 14 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

### साकेत रंजन बने कैमूर के डीईओ

बिहार वार्ता
भभुआ।पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी को कैमूर का डीईओ बनाया गया है। कैमूर के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार को पश्चिम चंपारण का डीईओ बनाया गया है। सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के इन अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की गई है।इसको लेकर सरकार की ओर से पत्र जारी किया गया है।

# सासाराम: जाम की समस्या से स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा प्रमुख स्थलों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** सासाराम शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने तथा जाम की समस्या से स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर जाम होने के प्रमुख कारणों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि शांति समिति की बैठक में भी शहर में लगने वाले जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए बुधवार को जिले के वरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है, जिसमें यातायात प्रबंधन को लेकर ठोस रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक बेहतर, नियंत्रित एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बेदा स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बेदा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा कास्टिंग पीरियड समाप्त होते ही इसे चालू कर दिया जाएगा। फ्लाईओवर के चालू होने के बाद शहर के अंदर पैसेंजर बसों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात दबाव में कमी आएगी और जाम की समस्या नियंत्रित होगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने शहर में परिचालित टोटो वाहनों के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को टोटो यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाने को कहा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोहतास, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समाजसेवी स्व. चन्द्रदेव चौधरी को श्रद्धांजलि, ब्रह्मभोज में उमड़े लोग

लोकतंत्र की आवाज

**डेहरी ऑन सोन।** समाजसेवी एवं दवाओं के अच्छे जानकार रहे स्वर्गीय चन्द्रदेव चौधरी की स्मृति में शिवगंज स्थित उनके आवास पर ब्रह्मभोज के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने पहुंचकर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा में वीआईपी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू चौधरी, लोजपा नेता अमित पासवान, अवधेश प्रसाद, डॉ. पंकज कुमार, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, दिनेश सिंह, डॉ. शौकत इरफान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्व. चन्द्रदेव चौधरी के सामाजिक योगदान, सरल स्वभाव और सेवा भावना को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने कहा कि स्व. चन्द्रदेव चौधरी दवाओं की अच्छी जानकारी

**■ सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धासुमन, सेवा भाव को किया याद**

रखने के साथ समाज सेवा के प्रति भी समर्पित थे। उन्होंने चर्चित चिकित्सक डॉ. अब्दुल हाई अंसारी के यहां वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर लोगों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया। उनका विनम्र व्यवहार और लोगों की सहायता करने का स्वभाव उन्हें समाज में एक अलग पहचान दिलाता था।

इस अवसर पर उनके पुत्र बाबू चौधरी, सुभाष चौधरी एवं उदय चौधरी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते थे और सभी के साथ आत्मीयता से मिल-जुलकर रहते थे। उनके आदर्श और सेवा भाव परिवार तथा समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।

## डीएम ने सदर अस्पताल सासाराम का किया औचक निरीक्षण

**जहां उन्होनें स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लिया जायजा**

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** जिलाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों ओपीडी, ट्रामा सेंटर, मातृ शिशु अस्तपाल सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का भी सत्यापन कराया। जिलाधिकारी ने मरीजों से फीडबैक भी लिया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा इलाज, जांच, दवा वितरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालय एवं कार्यस्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित रहें तथा सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम की टीम के साथ सदर अस्पताल परिसर में जलजमाव की समस्या का भी स्थलीय निरीक्षण किया। जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु उन्होंने नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम को निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोहतास, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्याय की मांग को लेकर गोडारी में निकली आक्रोश यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज



**काराकाट।** नालंदा में कथित रूप से दलित युवक पिंटू पासवान एवं सरवन पासवान की हत्या के विरोध में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को रोहतास जिले के काराकाट नगर पंचायत के गोडारी बाजार में आक्रोश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाज के लोगों ने भाग लेकर पीड़ित परिवार के प्रति एकजुटता जताई और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

आक्रोश यात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोडारी से शुरू होकर मनोज साव के मिल तक निकाली गई। इस दौरान लोगों ने न्याय दिलाने और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग करते हुए नारे लगाए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे तूफान राज पासवान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित परिवार के साथ एकजुटता प्रकट करना तथा न्याय की आवाज को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि जब समाज अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होता है, तभी पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत होती है।

आक्रोश यात्रा में प्रमुख रूप से काराकाट प्रमुख अभिभावक रामनारायण पासवान, मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती, राहुल पासवान, गोल्डेन पासवान, विनय पासवान, चंदन पासवान, संजय कुमार, संतोष गुप्ता, मनीष पासवान, सिकंदर पासवान, राजा, बिल्ला, विकास मनजीत, तनु चंदन, अमरजीत, राहुल, संतोष, दिवाकर, सरोज, पिंटू, बजरंगी, संजीत, रितेश, बिट्टू, बिक्की, प्रकाश सहित सैकड़ों युवाओं एवं समाज के जागरूक लोगों ने भाग लिया। यात्रा में शामिल लोगों ने प्रशासन से मांग की कि नालंदा की घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके।

## डीएम दीपक कुमार मिश्र द्वारा जिला जनता दरबार का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** दिनांक 01.07.2026 को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को अग्रसारित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

दैनिक जनता दरबार के दौरान कोचस थाना क्षेत्र के अठवलिया निवासी रामअधीन सिंह ने बिहार सरकार की भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत करते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहिन्डी गांव की उर्मिला देवी ने शस्त्र अनुज्ञप्ति से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इस मामले के शीघ्र निराकरण हेतु जिला शस्त्र शाखा, रोहतास को निर्देशित किया गया। इसके अलावा दावथ निवासी शुभम कुमार तिवारी ने निजी भूमि पर निर्माण कार्य में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत की।

डीएम ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को निर्देश दिया। शेष आवेदनों को भी संबंधित विभागों को शीघ्र निष्पादन के लिए अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## राजपुर में 10 लीटर महुआ शराब बरामद, पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज फरार

लोकतंत्र की आवाज

**राजपुर।** राजपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की । हालांकि पुलिस की भनक लगते ही अवैध शराब का कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा ।

थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीबीगंज गांव में छापेमारी की, जहां से 10 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई । छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया ।उन्होंने बताया कि फरार आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा ।

### लालबांगला से अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
**डालमियानगर।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के लालबांगला से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बनारसी तिवारी उर्फ बाबा, पिता स्व. सूर्यदेव तिवारी, निवासी त्रिलोकी नगर, थाना डालमियानगर, जिला रोहतास के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान अभियुक्त के पास से प्लास्टिक के डब्बे में रखी 200 ml की 77 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। जप्त शराब की कुल मात्रा 15 .4 लीटर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध शराब कारोबार पर लगातार निगरानी रख रही है।

## नशीली दवाओं के विरुद्ध अंतराष्ट्रीय दिवस एवं डाक्टर्स डे के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज






**डेहरी।** नशीली दवाओं के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस एवं डाक्टर्स डे के अवसर पर नशीली दवाओं के सेवन से बचने के लिए आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर के किया गया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्रीज प्ले, पैनल डिस्कशन एवं प्रश्नोत्तरी सत्र में हमारी बात के माध्यम से वहां उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच नशीली दवाओं की भयावहता पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया।

कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद के मार्ग दर्शनइसकी हर संभव सुरक्षा के प्रति आगाह किया ।इस अवसर पर वक्ताओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण करने और इसके अवैध तस्करी के विरुद्ध कमर कसने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल आयोजन से अपनी जवाबदेही खत्म नहीं होती। इसको लेकर विश्वविद्यालय परिसर के आसपास नशामुक्त वातावरण बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ जगदीश सिंह, एन एम सी एच के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिनोद शंकर सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ कुमार आलोक प्रताप, डॉक्टर मनीष कुमार, डॉक्टर राकेश कुमार, आदि ने संबोधित किया ।इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया ।इस अवसर पर निरुपमा सिंह, डॉक्टर मोनिका सिंह, मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष एवं वरीय चिकित्सक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### तीन साल से लुकाछिपी प्रेम प्रसंग का हुआ अंत, लड़की की मांग में युवक ने भरा सिंदूर



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी
झारखंड
टंडवा (चतरा)। मंगलवार थाना क्षेत्र स्थित किसुनपुर के हीं रहने वाले एक युगल प्रेम प्रसंग का पटाक्षेप हो गया। लगभग तीन साल से 27 वर्षीय प्रकाश महतो पिता वकील महतो एवं 21 वर्षीय सीता कुमारी पिता बालदेव महतो का लुकाछिपी का प्यार चल रहा था। पिछले महीने आपसी विश्वास और भरोसे के बीच आई खटास ने दोनों को एक दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। दरअसल , लगातार शादी का भरोसा देकर करीब आने वाले प्रेमी प्रकाश द्वारा दूरियां बढ़ाने के प्रयास से प्रेमिका और परिजन जहां परेशान थे। वहीं दूसरी ओर लंबे दिनों से दोनों के बीच चल रहे इश्क की बखूबी भनक पड़ोसियों को थी और वे भी दोनों को रंगे हाथों पकड़ने के लिये कोई माकूल वक्त के तलाश में जुटे थे। सोमवार देर रात जहां बारिश और जोरदार तुफान था इसी बीच जंगल में दोनों प्रेमी का मिलन और उनका प्यार परवान पर था। मामले की भनक जैसे हीं पड़ोसियों को लगी वे रंगे हाथों पकड़ने के घटनास्थल पर जैसे हीं आपत्तिजनक अवस्था में पहुंचे घबराकर युवक मौके से अपने पहने हुवे सभी कपड़े व मोबाइल को भी छोड़कर वहां से फरार हो गया।इधर अहले सुबह पूरा मामला आसपास के क्षेत्रों में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों व परिजनों के बीच मान मनौव्वल का घंटों दौर चला । पश्चात स्टाम्प पेपर में लिखित सहमति- पत्र बनाये गये ताकि भविष्य में आपसी शर्तों से कोई पक्ष ना मुकरे। पश्चात युवक प्रकाश ने अपनी प्रेमिका के मांग में सिंदूर भरकर उसे अपना अर्धांगिनी बना लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कतरास में समाजसेवी वशिष्ठ चौहान ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद, सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।
कतरास क्षेत्र के लकड़का बस्ती निवासी तरुण रजवार की सुपुत्री के वैवाहिक समारोह में लोकप्रिय समाजसेवी वशिष्ठ चौहान ने मंगलवार को विशेष रूप से शामिल हुए। समारोह में उनकी उपस्थिति से परिवारजनों एवं उपस्थित लोगों में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर वशिष्ठ चौहान ने नवविवाहित जोड़े को स्नेहाशीष एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि विवाह दो परिवारों को प्रेम, विश्वास और सामाजिक मूल्यों के मजबूत बंधन में जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है। समारोह के दौरान उन्होंने वर एवं वधू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा परिवार के सभी सदस्यों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। परिवारजनों ने वशिष्ठ चौहान का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके स्नेह और शुभाशीष के लिए आभार व्यक्त किया। वैवाहिक समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नवदंपति के सुखद भविष्य की कामना की।

### बरकट्ठा में सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग
(झारखंड)। बरकट्ठा प्रखंड बुधवार को 65 वीं सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ हुआ जिसका विधिवत् उद्घाटन बरकट्ठा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुमन कुमार सौरव,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद बरकट्ठा के द्वारा किक मारकर किया गया। खेल मे अंडर-15 में कुल 05 विद्यालयों के खिलाड़ी सामिल हुए । जिसमे पहला मैच पी एम श्री उत्क्रमित हाई स्कूल गंगपाचों एवं उ एम एस डुमरडीहा के बीच खेला गया। खेल के मैदान में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी और भारी संख्या में दर्शक भी मैच का लुत्फ उठाने के लिए मैदान मे डटे हुए थे।

### हजारीबाग सांसद ने अपने कार्यकाल के दो साल का क्रेडिट कार्ड प्रेसकांफ्रेंस किया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग
(झारखंड)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के कार्यकाल के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर एनडीए गठबंधन के विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल के उपलब्धियों को लेकर पैराडाइज रिसॉर्ट में आयोजित एक विशेष प्रेस-वार्ता के दौरान उन्हें संयुक्त रूप से बधाई दिया। इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधानसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बबला सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल के जनहित के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उनके कार्यकाल को बेमिसाल बताया। प्रेस-वार्ता में नेताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल निरंतर अपने क्षेत्र के लोगों के बीच समय व्यतीत करते हैं और हर सुख-दुख में उनके सहभागी बनते हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास, उत्थान और जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर देश के सर्वोच्च सदन तक हमेशा पूरी मुखरता के साथ आवाज बुलंद की है, जो उनकी जन-प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गिरिडीह में सरदार भगत सिंह आदमकद प्रतिमा की अनदेखी

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026 .07 .01)। क्रांतिकारी क्रांतिवीर भगत सिंह जी की अनदेखी का सामना गिरिडीह की जनता के लिए शर्मनाक है। सबसे पहले तो चौक से आदमकद प्रतिमा हटकर एक किनारे कर दिया गया वर्तमान में जिस स्थान पर यह आदमकद प्रतिमा ह। जिस स्थान पर भगत सिंह जी की आदमकद प्रतिमा है उस स्थान को मात्र प्रचार का एक स्थल ना बनाकर आवश्यकता है कि बनाए गए आदमकद प्रतिमा को पुन: या फिर नया आदमकद प्रतिमा लगाकर पुन: अनावरण कर स्वच्छ सुंदर व आकर्षक स्थान देने की अब देखना यह है कब गिरिडीह की जनता इस कार्य के लिए आगे बढ़ेगी।

# राजस्व शिविर में भू लगान दाखिल खारिज, जमाबंदी सुधार इत्यादि और भी भूमि संबंधित मामलों का होगा निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



■ गिरिडीह, 124 पंचायतों में आयोजित होंगे विशेष राजस्व शिविर

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड ( 2026.07.02)।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न अंचलों में भूमि एवं राजस्व संबंधी लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा आमजनों को सुगम एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य 01 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक हल्कावार विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष अभियान जिले के सभी अंचलों में पंचायत स्तर पर संचालित होगा, जिसमें कुल 124 पंचायतों में शिविर आयोजित कर आमजनों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया है कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक शिविर की दैनिक प्रगति प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाओं को सुगम एवं प्रभावी बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा विशेष शिविरों के माध्यम से लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से मुक्ति मिलेगी। शिविरों में भू-लगान, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), जमाबंदी सुधार, भूमि अभिलेखों में त्रुटि सुधार, ऑनलाइन लगान रसीद, सीमांकन, भूमि विवादों से संबंधित आवेदन एवं अन्य राजस्व मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

**अंचलवार शिविर कार्यक्रम...**

बेंगाबाद अंचल 01 जुलाई- बदवारा, 02 जुलाई- भलकुदर, 03 जुलाई- हरिला, 04 जुलाई - बड़कीताड़, 06 जुलाई- महुआर, 07 जुलाई- तेलोनारी, 08 जुलाई को सोनबाद, 09 जुलाई को कर्णपुरा, 09 जुलाई को मानजोरी एवं 10 जुलाई को जरूवाडीह पंचायत।

पीरटांड़ अंचल 01 जुलाई को बदगांव, 02 जुलाई को हरलाडीह, 03 जुलाई को मंडरो, 04 जुलाई को विशुनपुर, 06 जुलाई को खुखरा, 07 जुलाई को चिलगा/बांध, 08 जुलाई को मधुबन, 09 जुलाई को कुम्हरलालो, 10 जुलाई को चलकरी।

बगोदर अंचल 01 जुलाई को जरमुने पूर्वी, 02 जुलाई को बगोदर पूर्वी, 03 जुलाई को अटका पूर्वी, 04 जुलाई को डोंडलो, 06 जुलाई को हेसला, 07 जुलाई को पोखरिया, 10 जुलाई को खेतको।

सरिया अंचल 01 जुलाई को दुर्गी धवैया स्कूल, 02 जुलाई को परासिया, 03 जुलाई को बरवाडीह, 04 जुलाई को सबलपुर, 06 जुलाई को पावापुर, 07 जुलाई को कैलाटांड़, 08 जुलाई को कुसुमाडीह, 10 जुलाई को चिचाकी पंचायत सहित अन्य निर्धारित स्थलों पर शिविर आयोजित होंगे।

तिसरी अंचल 01 जुलाई को चंदौरी, 02 जुलाई को पलमरूआ, 03 जुलाई को तिसरी, 04 जुलाई को गुमगी, 05 जुलाई को सिंघो, 06 जुलाई को बरवाडीह पंचायत।

गांडेय अंचल 01 जुलाई को घाटकुल, 02 जुलाई को बड़कीटांड़, 03 जुलाई को गांडेय, 04 जुलाई को डोकीडीह, 06 जुलाई को बुधुडीह, 07 जुलाई को अहिल्यापुर, 08 जुलाई को रसनजोरी, 08 जुलाई को गजकुंडा, 09 जुलाई को ताराटांड़, 10 जुलाई को पर्वतपुर पंचायत।

डुमरी अंचल 01 जुलाई को नागाबाद, 02 जुलाई को जीतकुंडी, 02 जुलाई को जरीडीह, 03 जुलाई को गानोंडीह, 04 जुलाई को छाछंदो, 06 जुलाई को घुटवाली, 06 जुलाई को कुलगो उत्तरी, 07 जुलाई को खैराटुंडा, 08 जुलाई को शंकरडीह, 08 जुलाई को बालुटुंडा, 09 जुलाई को डूमरचुटीयों, 10 जुलाई को भरखर पंचायत।

बिरनी अंचल 01 जुलाई को कपिलो, 02 जुलाई को माखमारगो, 03 जुलाई को अरारी, 04 जुलाई को केंदुआ, 06 जुलाई को बाराडीह, 07 जुलाई को तुलसाडीह, 08 जुलाई को गादी, 09 जुलाई को बलिया, 10 जुलाई को बलगो पंचायत।

गिरिडीह सदर अंचल 01 जुलाई को पहाड़पुर, 02 जुलाई को सेनादोनी, 02 जुलाई को जीतपुर, 03 जुलाई को बजटों, 04 जुलाई को बदगुंदा खुर्द, 06 जुलाई को अकदोनी कला, 06 जुलाई को तेलोडीह, 07 जुलाई को परसाटांड़, 08 जुलाई को मंगरोडीह, 08 जुलाई को उदनाबाद, 09 जुलाई को पुरनानगर, 10 जुलाई को फुलची पंचायत।

देवरी अंचल 01 जुलाई को तिलकडीह, 02 जुलाई को गुनियाथर, 02 जुलाई को चहाल, 03 जुलाई को मकडीहा, 04 जुलाई को बांसडीह, 06 जुलाई को नेकपुरा, 07 जुलाई को हरला, 08 जुलाई को मारुडीह, 09 जुलाई को बैरिया, 10 जुलाई को ख़तौरी पंचायत।

धनवार अंचल 01 जुलाई को महेशमरवा, 02 जुलाई को नीमाडीह, 03 जुलाई को गिरिडीह, 04 जुलाई को गोरहंद, 06 जुलाई को हेमरोडीह, 07 जुलाई को सापामारन, 08 जुलाई को पांडेयडीह, 08 जुलाई को गरजासारण, 09 जुलाई को बलहारा, 10 जुलाई को जरीसिंघा पंचायत।

गावां अंचल 01 जुलाई को मांझने, 02 जुलाई को गांवा, 03 जुलाई को गदर, 04 जुलाई को खारसान, 06 जुलाई को पिहरा पश्चिमी, 07 जुलाई को नीमाडीह, 08 जुलाई को नगवां, 09 जुलाई को पटना, 10 जुलाई को जमडार पंचायत।

जमुआ अंचल 01 जुलाई को करीहारी, 02 जुलाई को पालमो, 02 जुलाई को बदडीहा 1, 03 जुलाई को जरीडीह, 04 जुलाई को चचघरा, 06 जुलाई को धर्मपुर, 06 जुलाई को हरला, 07 जुलाई को टीकामघा, 08 जुलाई को चकमंजो, 08 जुलाई को जगरनाथडीह, 09 जुलाई को नवडीहा एवं 10 जुलाई को चिलगा पंचायत।

# धनबाद निचीतपुर टाउनशिप के छठ तालाब में 12वीं की छात्रा का शव मिलने से सनसनी

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** धनबाद के ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निचीतपुर टाउनशिप स्थित मोहलीडीह छठ तालाब में 16 वर्षीय छात्रा का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह तालाब में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान स्थानीय निवासी अशोक पाल की पुत्री देवश्री पाल के रूप में हुई है। देवश्री टाटा सिजुआ डीएवी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है।

परिजनों के अनुसार रविवार रात घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद देर रात करीब दो बजे देवश्री घर से निकल गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने ईस्ट बसुरिया ओपी में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। मंगलवार सुबह छठ तालाब में शव मिलने की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान की। मृतका के पिता अशोक पाल ने बताया कि उनकी बेटी रात में अचानक घर से निकल गई थी। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिली। उन्होंने कहा कि किसी से उनकी कोई दुश्मनी नहीं है।



वहीं स्थानीय मुखिया मो. आजाद ने बीसीसीएल एरिया-5 के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने से छठ तालाब की साफ-सफाई कराने की मांग की जा रही थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तालाब जलकुंभी और लताओं से पूरी तरह भरा हुआ है, जिसके कारण शव समय पर दिखाई नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# धनबाद में एसआईआर में सख्ती, इन 5 कैटेगरी के लोगों का कटेगा ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम

**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर निर्वाचन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने साफ निर्देश दिया है कि किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेज के जरिए नाम जुड़वाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. वहीं, प्रारूप मतदाता सूची में 5 श्रेणियों के मतदाताओं को शामिल नहीं किया जाएगा.



**पहले प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूचीः** एसआईआर अभियान की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को धनबाद पहुंचे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में उन्होंने 30 जून से 29 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के कार्य को लेकर दिशा-निर्देश दिए. मीडिया से बातचीत में सीईओ ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ, डुप्लीकेट और रिफ्यूज टू साइन कैटेगरी के मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे.

**किसी भी योग्य मतदाता का नहीं कटेगा नामः** रवि कुमार ने बताया कि रिफ्यूज टू साइन कैटेगरी में वैसे मतदाता भी आते हैं, जो दूसरे देश में जाकर वहां की नागरिकता हासिल कर चुके हैं, लेकिन भारत की मतदाता सूची से अपना नाम नहीं हटवाया है. उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो.

**5 अगस्त को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूचीः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से एसआईआर अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है, ताकि राज्य में शुद्ध, त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जा सके. आगामी 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा. इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी. दावे-आपत्तियों के निष्पादन के बाद 7 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी.

# झारखंड के अबुआ राज में अंधेरा नहीं रहेगा :- शत्रुघ्न प्रसाद मंडल

लोकतंत्र की आवाज



**बगोदर गिरीडीह (झारखंड)।** सरिया बागोडीह चौंक में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा मे रहने को लोग विवश थे जिसकी जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमेटी सदस्य शत्रुघ्नप्रसाद मंडल को दिया गया, उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़े अधिकारियों को अवगत करवाया और यह भी कहा कि यथाशीघ्र नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए। और जर्जर तार एवं पोल को सुदृढ़ीकरण कराई जाए पदाधिकारियों ने उनके बात को संज्ञान में लेते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जो लग चुका हैं बुधवार को विधिवत उद्घाटन का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय कमिटी सदस्य शत्रुघ्न प्रसाद मंडल उपस्थित हुवे।

कार्यक्रम में वार्ड नम्बर 4 की वार्ड पार्षद गायत्री देवी,वार्ड 1 की पार्षद सोनी कुमारी झामुमो नेता फागु पंडित भाजपा नेता अवध किशोर नकुल पाण्डेय उप प्रमुख सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने शामिल होकर फीता काट कर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता ने कहा कि बिजली की सुविधा हर व्यक्ति की जरूरी है विभागीय अधिकारियों से लगातार संपर्क कर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराया गया हैं, बागोडीह चौंक के समीप एवं अन्य कई जगहों में बिजली की तार जर्जर हो चुकी हैं वंहा जल्द तार बदलवाने का कार्य किया जाएगा।

इन्होंने कहा केवल बागोडीह चौंक ही नहीं सरिया में अन्य कई जगहों में ट्रांसफार्मर का व्यवस्था करानी हैं । जिसके लिए लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हैं झारखंड के अबुआ राज्य में प्रत्येक गाँव में बिजली को सुलभ व सुचारू कराया जाएगा ताकि गांवों से अंधेरा दूर रहे।

# वाहनों पर लगेगा अंकुश, हंटरगंज में कई जगह बनाए गए स्पीड ब्रेकर

लोकतंत्र की आवाज़





**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखण्ड**
**हंटरगंज (चतरा)।** सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हंटरगंज थाना पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। थाना प्रभारी *प्रभात कुमार* के प्रयास से एनएच-22 सहित थाना क्षेत्र के कई संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। लंबे समय से स्थानीय लोग इन स्थानों पर ब्रेकर की मांग कर रहे थे, क्योंकि तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती थी।

जानकारी के अनुसार हंटरगंज बाजार, डुमरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप, जजलो मोड़ तथा अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं। इन स्थानों पर स्कूल, कॉलेज और बाजार होने के कारण पैदल चलने वाले लोगों एवं बच्चों को सड़क पार करने में काफी परेशानी होती थी। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि स्पीड ब्रेकर लगाने का उद्देश्य वाहन चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना और सड़क हादसों में कमी लाना है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और ब्रेकर के पास वाहन की रफ्तार कम रखने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इस पहल का स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों और अभिभावकों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर बनने से अब बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों के लिए सड़क पार करना पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित हो गया है। उनका विश्वास है कि इससे तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगेगा और सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी।

# धनबाद टंडाबाड़ी में बीसीसीएल की बड़ी कार्रवाई, 16 अवैध और जर्जर आवास को गिराया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता ।** धनबाद के टंडाबाड़ी क्षेत्र में हुए भीषण भूधंसान के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने सुरक्षा की दिशा में बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 अवैध एवं जर्जर आवासों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई बीसीसीएल एरिया-3 के सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत टंडाबाड़ी बस्ती में सोनारडीह ओपी पुलिस और सीआईएसएफ की मौजूदगी में की गई।

गौरतलब है कि 31 मार्च 2026 को टंडाबाड़ी में हुए भीषण भूधंसान में कई मकान जमीन में समा गए थे। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र को खाली कराकर प्रभावित परिवारों को बीसीसीएल द्वारा बेलगड़िया में पुनर्वासित किया गया था। करीब तीन महीने बाद बीसीसीएल ने डेंजर जोन में स्थित चिन्हित 21 मकानों में से 16 अवैध एवं क्षतिग्रस्त आवासों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई से पहले अधिकारियों ने माइकिंग कर लोगों को इसकी सूचना दी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

बीसीसीएल अधिकारियों के अनुसार, टंडाबाड़ी क्षेत्र में लगातार भूधंसान की घटनाओं को देखते हुए पूरे इलाके को अत्यंत संवेदनशील घोषित किया गया है। शेष प्रभावित परिवारों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अन्य खतरनाक मकानों को भी नियमानुसार हटाया जाएगा। बीसीसीएल साउथ गोविंदपुर कोलियरी के प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने बताया कि भूधंसान से प्रभावित सभी परिवारों को बेलगड़िया में स्थानांतरित किया जा चुका है। उन्हीं परिवारों के खाली और क्षतिग्रस्त आवासों को सुरक्षा कारणों से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि पात्र प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा भी उपलब्ध कराया जाएगा।

फिलहाल टंडाबाड़ी बस्ती पूरी तरह खाली है और वहां कोई परिवार निवास नहीं कर रहा है। हालांकि जमीन, पुनर्वास और मुआवजे से जुड़े कार्यों के लिए लोग समय-समय पर क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। बीसीसीएल का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य डेंजर जोन को पूरी तरह सुरक्षित बनाना और भविष्य में किसी भी दुर्घटना की आशंका को कम करना है।

# हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों कि घोषणा की गई, मिली जिम्मेवारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।**
**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह जिला के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रदेश सचिव सह सदर विधानसभा के प्रभारी मुन्ना पासवान प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपस्थित थे ।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में शारदा रंजन दुबे को वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है वंही निसार खान, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सलीम रजा, लखराज सिंह, सुखदेव प्रसाद यादव, बाबर अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है इधर सुनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष का पद दिया गया है तो संजय कुमार सिंह, असगर अली, संजय कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, कैलाश पति देव, संतोष रजवार, सेवालाल महतो, जय प्रकाश यादव, योद्धी प्रसाद यादव, तारकेश्वर महतो, प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, मनीलाल चौधरी, गोपाल पाण्डेय, चितरंजन कुमार गुप्ता, अब्बास अंसारी, दीपक कुमार गप्ता, रघु जायसवाल, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, अनिल कुमार राम, रवि शंकर अकेला, राकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार राय, मनोज प्रसाद मेहता, जावेद मल्लिक, निरंजन नायक, देवकी महतो का महासचिव बनाया गया है । आगे नरायाण महतो, विशेश्वर स्वर्णकार, वासुदेव, शिबू सोनी, इन्द्रेव सिंह, अजय राणा, कुमारी बाखला, पंचम पासवान, सुनिल साह, जमीरउद्दीन, मनोज पासवान, मौलाना हेलाल अख्तर, बैजू गहलोत, मुकेश सिन्हा, केदार यादव, अभिजीत सिंह, नमिता कुमारी, विजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, देवेन्द्र राम, देव चव्हाण, सोनी मेहता, हेमराज प्रसाद, विरेन्द्र पाण्डेय, दाउद अली, भैया असीम कुमार, अभिषेक सिंह, रेवाली पासवान को सचिव पद दिया गया है वहीं मनोज नारायण भगत तथा मोजिम अंसारी को प्रवक्ता पद की जिम्मेवारी दी गई है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार मिश्रा को दी गई भावभीनी विदाई, प्रधान जिला जज रहे मुख्य अतिथि



**भभुआ कैमूर**–जिला अधिवक्ता संघ भभुआ, कैमूर के संघ भवन में बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराग उपस्थित रहे। विदाई समारोह में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय एवं जिले के अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे ने की, जबकि संचालन प्रसून कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव सह कार्यकारी महासचिव विकास कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य, वरीय अधिवक्ता प्रहलाद सिंह, अजीत सिंह, लल्लन जी पांडे, पूर्व महासचिव श्यामानंद उपाध्याय, अशोक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सदानंद पांडे, उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में न्यायिक गरिमा बनाए रखी और अधिवक्ताओं के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखे। अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बसपा सुप्रीमो ने कहा- धर्म का राजनीतिकरण न हो, कैमूर के पूर्व जिलाप्रभारी विष्णु भूषण ने किया समर्थन



**भभुआ कैमूर**–बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में कहा कि धर्म का राजनीतिकरण और राजनीति का अंध धर्मीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना जरूरी है और सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। मायावती के इस बयान का समर्थन करते हुए बसपा के पूर्व जिला कैमूर प्रभारी सह हवेन इन्फिनिटी रियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विष्णु कुमार भूषण ने कहा कि बहन जी ने बिल्कुल सही कहा है। आज देश में धर्म के नाम पर राजनीति हो रही है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत दिया था। राजनीति को विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों पर होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर समाज को बांटने के लिए। कैमूर जैसे शांतिप्रिय जिले में सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और हमें इसी भाईचारे को मजबूत करना है। विष्णु कुमार भूषण ने आगे कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, सत्ता का नहीं। बहन मायावती का संदेश स्पष्ट है कि धर्म निजी आस्था का विषय है और इसे चुनावी हथियार नहीं बनाना चाहिए। बसपा हमेशा सर्वजन हिताय–सर्वजन सुखाय की नीति पर चलती है।

### मनरेगा बहाली को लेकर भभुआ में खेत मजदूरों का प्रदर्शन, नया कानून वापस लो के लगे नारे



**भभुआ (कैमूर)।** बिहार प्रांतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के बैनर तले मंगलवार को भभुआ में जोरदार प्रदर्शन किया गया। स्टेडियम गेट से निकली यह आक्रोश रैली सदर अस्पताल और एकता चौक होते हुए लिच्छवि भवन धरना स्थल पर पहुंची, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कामरेड लाल मोहर राम ने की। प्रदर्शनकारियों ने "मनरेगा कानून बहाल करो", "नया कानून वापस लो" और "मनरेगा में 200 दिनों का काम व 600 रुपये दिहाड़ी दो" के नारे लगाकर अपनी मांगें बुलंद कीं। धरना सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राज्य अध्यक्ष कामरेड रंगलाल पासवान ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी का कानून वामदलों के दबाव में बना था, लेकिन वर्तमान सरकार इसे कमजोर कर रही है। नए प्रावधानों के जरिए मजदूरों को बड़े पूंजीपतियों और बिचौलियों के रहमों–करम पर छोड़ने की साजिश रची जा रही है। सरकार द्वारा 125 दिनों के रोजगार का दावा पूरी तरह छलावा है। बिहार राज्य किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड भीम सिंह ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि नए नियमों के तहत बिहार जैसे गरीब राज्य 40% राशि खुद वहन नहीं कर पाएंगे, जिससे मजदूरों को काम मिलना बंद हो जाएगा। उन्होंने इसके विरोध में आगामी 10 अगस्त को देशव्यापी 'जेल भरो आंदोलन' का आह्वान किया। इस मौके पर कामरेड कपिल देव राम, बृजेश सिंह, रामराज सिंह, शिव मूरत साहब, मोहम्मद हनीफ, ललिता देवी, किरण देवी, विमला कुंवर सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

# कैमूर : बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 किसानों के हितों के खिलाफ, सरकार इसे तत्काल वापस ले: सांसद सुधाकर सिंह

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** बक्सर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार सरकार द्वारा लागू ₹बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026₹ का कड़ा विरोध करते हुए इसे किसानों के हितों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस नीति को तत्काल प्रभाव से वापस लेने अथवा स्थगित करने की मांग की है। सांसद ने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां भूमि केवल संपत्ति नहीं बल्कि करोड़ों किसानों की आजीविका, सामाजिक सम्मान और उनके भविष्य का आधार है। ऐसे में यदि निजी कंपनियों और बड़े पूंजीपतियों को सरकारी तंत्र के माध्यम से बड़े पैमाने पर रैयती भूमि खरीदने की सुविधा दी जाती है, तो इससे किसानों की आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और कृषि व्यवस्था पर दूरगामी व गंभीर दुष्प्रभाव पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह नीति भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की मूल भावना के विपरीत प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि अधिनियम की धारा 46 के तहत निजी कंपनियों द्वारा भूमि खरीद की स्थिति में पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) की व्यवस्था अनिवार्य है, लेकिन राज्य सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इसके लिए कौन-सी नियमावली, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अथवा प्रशासनिक व्यवस्था बनाई गई है। यदि इन प्रावधानों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया तो भविष्य में इस नीति के तहत होने वाले भूमि क्रय कानूनी विवादों का कारण बन सकते हैं।

सुधाकर सिंह ने कहा कि अधिनियम की धारा 46(5) राज्य सरकार को निजी कंपनियों द्वारा खरीदी जाने वाली भूमि की अधिकतम सीमा तय करने का अधिकार देती है, लेकिन नई नीति में इस संबंध में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि भूमि खरीद की अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई तो बड़े कॉरपोरेट समूह हजारों एकड़ कृषि भूमि खरीदकर भूमि के असमान वितरण को बढ़ावा देंगे और किसानों के विस्थापन की स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में भूमि मूल्य निर्धारण के लिए केवल निबंधन विभाग की दरों अथवा पूर्व के विक्रय विलेखों को आधार बनाया गया है, जबकि किसानों को उनकी भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य, वर्तमान उपयोग और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप उचित प्रतिकर मिलना चाहिए।

सांसद ने कहा कि भूमि की प्रकृति एवं श्रेणी का निर्धारण केवल निबंधन विभाग के अभिलेखों के आधार पर करना व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि राज्य के कई क्षेत्रों में राजस्व अभिलेखों और भूमि के वास्तविक उपयोग में अंतर है। इससे किसानों के साथ अन्याय होने और विवाद बढ़ने की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि इस नीति से राज्य सरकार, किसानों अथवा आम जनता को क्या प्रत्यक्ष लाभ होगा। इसके विपरीत, आशंका है कि बिहार की उपजाऊ कृषि भूमि धीरे-धीरे निजी कंपनियों और बड़े कॉरपोरेट घरानों के नियंत्रण में चली जाएगी, जिससे आर्थिक असमानता, ग्रामीण विस्थापन और सामाजिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। सुधाकर सिंह ने कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 की धारा 2(2) के अनुसार निजी कंपनियों के लिए भूमि अधिग्रहण अथवा अधिग्रहण जैसी प्रक्रिया में कम-से-कम 80 प्रतिशत प्रभावित परिवारों की पूर्व सहमति आवश्यक है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट करने की मांग की कि नई नीति के तहत इस वैधानिक प्रावधान का पालन किस प्रकार सुनिश्चित किया जाएगा। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसानों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026 को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए अथवा स्थगित किया जाए। साथ ही किसान संगठनों, कृषि एवं विधि विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिक समाज के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद नई नीति बनाई जाए, ताकि किसानों के अधिकारों, आजीविका और कृषि भूमि की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# दो बूंद जिंदगी के अभियान से आशा ने बनाई दूरी



लोकतंत्र की आवाज

**चांद।** पोलियो उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियान दो बूंद जिंदगी से आशा की दूरी चिंता का कारण बना हुआ है। आशा ने हड़ताल का हवाला देकर पोलियो ड्रॉप पिलाने से साफ इंकार कर दिया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांद में पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत पोलियो ड्रॉप पिलाए जाने अभियान 28 जून से शुरू है। पोलियो ड्रॉप पिलाए जाने को लेकर आशा कर्मियों की भागीदारी महत्वपूर्ण रहती थी। आशा ने हड़ताल का हवाला देकर पोलियो ड्रॉप पिलाने अभियान से दूरी बना ली।इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा 23 जून को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गई आशा से पोलियो ड्रॉप पिलाने में शामिल होने का आग्रह किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आग्रह को आशा ने ठुकरा दिया। सरकार के द्वारा 28 जून को शुरू पोलियो ड्रॉप पिलाने के अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर आ गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने ने सीएचओ एएनएम आशा फेसिलेटर सेविका सहायिका एवं स्वयं सेवकों की सहायता से 48 टीम बनाई। टीम ने 28 जून से 2 जुलाई तक पोलियो ड्रॉप पिलाने का महाअभियान शुरू कर दिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा 30 जून तक कुल 11356 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिला दिया गया है। उन्होंने ने कहा निर्धारित तिथि तक प्राप्त लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पोलियो ड्रॉप पिलाए जाने के अभियान में 24008 घरों में 20537 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।यह अभियान 2 जुलाई तक चलेगा।3 एवं 4 जुलाई को अभियान के द्वितीय चरण में बचे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। महाअभियान को सफल बनाने में सीमा चटर्जी कोल्ड चेन हैण्डलर एवं राकेश कुमार पटेल कुष्ठ निवारण पदाधिकारी का सहयोग सराहनीय रहा है। पोलीयो उन्मुलन के लिए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को घर घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाए जाने होते हैं।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ने कैमूर के डॉक्टरों को दी बधाई, कहा- सेवा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत

लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर**-राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कैमूर के जिलाध्यक्ष सह रोगी कल्याण समिति कैमूर के सदस्य डॉ. संतोष जायसवाल ने जिले के सभी चिकित्सकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवा भाव, समर्पण, करुणा और अथक परिश्रम मानवता के लिए प्रेरणादायक है।

**डॉ. बिधान चंद्र रॉय को किया नमन :** डॉ. संतोष जायसवाल ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि की स्मृति को समर्पित है।

**आप आशा की किरण हैं:** डॉ. जायसवाल ने कहा कि ₹आप सभी चिकित्सक हर कठिन परिस्थिति में आशा की किरण बनकर अनगिनत जीवनों की रक्षा करते हैं। आप सभी को हमारा सादर नमन। आपकी सेवा ही समाज के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। आपके समर्पण, सेवा और मानवता के प्रति अटूट विश्वास को शत-शत प्रणाम।

**आमजन से सहयोग की अपील :** डॉ. संतोष जायसवाल ने कैमूर के आमजन, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से आग्रह किया कि सभी चिकित्सकों का भरपूर सहयोग करें ताकि वे बेहतर तरीके से आमजन की सेवा कर सकें। उन्होंने जिले के सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी।

# रामगढ़ के इमिलिया गाँव में मारपीट के मामले में : दोनों पक्षों से 48 लोगों पर केस दर्ज, 4 आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के इमिलिया गाँव में बीते कल (30 जून) आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आज, 1 जुलाई 2026 को दोनों पक्षों से मिले लिखित आवेदन के आधार पर रामगढ़ थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई हैं, जिसमें कुल करीब 48 लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

**दर्ज हुई प्राथमिकी :** थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर कांड संख्या 178/26 और कांड संख्या 179/26 दर्ज की गई है।

**इन 4 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी :** पुलिस ने कांड संख्या 178/26 के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए इमिलिया गाँव के रहने वाले निम्नलिखित 4 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। रोहित कुमार (पिताः हरिश्चंद्र राम) राजाराम (पिताः चंद्रिका राम) शिवम कुमार (पिताः विमलेश राम) किशोर कुमार (पिताः राम जी राम)

क्या थी पूरी घटना? बता दें कि बीते कल शाम को इमिलिया गाँव में मामूली बात को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में 8 पुरुष और 2 महिलाओं समेत कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि : दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले दर्ज कर लिए गए हैं। 4 लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता: रोमांचक मुकाबले में +2 हाई स्कूल रामगढ़ बना विजेता, राज्य स्तरीय टीम में बनाई जगह

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता (सत्र 2026-27) का भव्य आयोजन जगजीवन स्टेडियम, भभुआ में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 (बालक) एवं अंडर-17 (बालक/बालिका) वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट कौशल दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-17 वर्ग में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया था। नॉकआउट चरण के एक रोमांचक मुकाबले में +2 हाई स्कूल रामगढ़ की टीम ने बियूर को 1-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। टाईब्रेकर में हुआ खिताबी फैसला आज जगजीवन स्टेडियम में खेले गए फाइनल महामुकाबले में +2 हाई स्कूल रामगढ़ और चैनपुर चौरबंडी के बीच बेहद कड़ा और रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच निर्धारित समय तक चले संघर्ष के बाद, मैच का निर्णय टाईब्रेकर के जरिए हुआ। टाईब्रेकर में शानदार प्रदर्शन करते हुए +2 हाई स्कूल रामगढ़ ने चैनपुर चौरबंडी को 3-01 से पराजित कर जिला स्तरीय खिताब अपने नाम कर लिया। राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी टीम इस खिताबी जीत के बाद अब यह टीम राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 जुलाई तक किशगंज में होने जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए टीम जल्द ही रवाना होगी। शिक्षकों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार और शारीरिक शिक्षक (फिजिकल टीचर) कौशल कुमार सिंह ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके राज्य स्तर पर विजयी होने की कामना की। इस ऐतिहासिक खेल और रवानगी के अवसर पर क्षेत्र के कई सम्मानित शिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से संतोष सिंह, रजनीकांत दुबे, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र तिवारी, ब्रजमोहन सिंह, गोविन्द सिंह, ओम प्रकाश सिंह, शुलेष पाल, चंद्रशेखर, रिंकी उपाध्याय, संध्या कुमारी, संध्या तिवारी, प्रियंका सिंह, गीता कुमारी, डिम्पल कुमारी, कंचन कुमारी, शिल्पी जायसवाल सहित कई अन्य लोग शामिल थे, जिन्होंने खिलाड़ियों की पीठ थपथपाई।

# कैमूर में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत, फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ जा रहे थे देवर-भाभी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया :** थाना क्षेत्र के संजीवनी पब्लिक स्कूल के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि फाइनेंस कर्मी और उनके साथ बैठी महिला रिंकू देवी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। मृतक की पहचान कैमूर जिले के कुछिला थाना अंतर्गत कोटा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह के रूप में हुई। कोटा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गांव में स्वयं सहायता समूह का फाइनेंस चलता है। बकाया पैसे जमा करने के लिए फाइनेंस कंपनी का कर्मी बुधवार सुबह देवर-भाभी को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर शाखा ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनो को तुरंत अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने अनिल सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि फाइनेंस कर्मी और महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज और सीटी स्कैन के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुखद हादसे के बाद से मृतक के पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध मे मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार की शाम फोन पर बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, वही दो लोग घायल हो गए हैं, हमने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया, कार को जप्त कर थाने लाया गया है और आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# एसवीपी महाविद्यालय भभुआ के शिक्षकों के धरना-प्रदर्शन, फुटाब-वाकुटा के आह्वान पर पटेल मूर्ति के पास प्रदर्शन, वेतन-पेंशन-प्रोन्नति की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**विनोद कुमार राम**

**भभुआ कैमूर**-राज्यस्तरीय शिक्षक संघ 'फुटाब' एवं 'वाकुटा' के आह्वान पर एसवीपी महाविद्यालय, भभुआ के शिक्षक संघ के तत्वावधान में बुधवार 1 जुलाई 2026 को पटेल जी की मूर्ति के समीप एक घंटे का सामूहिक धरना-प्रदर्शन किया गया। काला बिल्ला लगाकर शिक्षकों ने वेतन, पेंशन, प्रोन्नति व एरियर भुगतान समेत 6 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

**फरवरी से वेतन नहीं, भुखमरी की नौबत" - शिक्षक :** धरना स्थल पर शिक्षक संघ के सचिव डॉ. अजीत कुमार राय ने कहा कि शिक्षक लंबे समय से जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। अतिथि शिक्षकों और पेंशनरों ने भी समर्थन दिया। शिक्षकों का कहना था कि फरवरी के बाद वेतन न मिलने से भुखमरी की नौबत आ गई है। मेडिकल खर्च, ईएमआई और पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी करने में असमर्थ हैं।



**शिक्षकों की 6 प्रमुख मांगें**

1. वेतन एवं पेंशन का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए।
2. शिक्षकों का एनपीएस अंशदान नियमित रूप से जमा किया जाए।
3. लंबित प्रोन्नतियां शीघ्र प्रदान की जाएं।
4. शिक्षकों का लंबित एरियर अविलंब जारी किया जाए।
5. महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर की जाए।
6. नवगठित कॉलेज में बिना अनुमति के किसी भी शिक्षक-कर्मचारी को पदस्थापित नहीं किया जाए।

**ये रहे मौजूद :** धरने में संघ की अध्यक्ष डॉ. सोनल, उपाध्यक्ष डॉ. बृजराज प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दुबे सहित डॉ. माहेश प्रसाद, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ. सुमित राय, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. माया सिन्हा, डॉ. वंशीधर, डॉ. रविंद्र, डॉ. प्रियंका कुमारी मिश्रा, डॉ. सौरभ सिंह विक्रम, डॉ. सीमा वर्मा, डॉ. संजय पाल, डॉ. केश्वर प्रसाद भारती, डॉ. भूपेंद्र शुक्ला, डॉ. अनुपम, डॉ. विशाल, डॉ. सैयद असहद करीम मौजूद रहे। अतिथि शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार, निलेश वर्मा, डॉ. सीताराम पंडित ने भी भाग लिया।

**आंदोलन की चेतावनी :** शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो आगे भी सशक्त आंदोलन किया जाएगा। धरना 11:30 से 12:30 बजे तक चला।

# दो दिवसीय टूर्नामेंट का हुआ समापन बेलौड़ी और केयर जों भी बनाई राज्य स्तरीय टीम में जगह

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ (कैमूर):** 65वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का समापन बुधवार को जगजीवन स्टेडियम भभुआ में हुआ अंडर 17 और अंदर 15 बालक बरग की कुल 9 टीमों ने भाग लिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओमप्रकाश कुमार रहे।

**अंडर-15 बालक: बेलोड़ी मोहनिया और केयर जोन का दबदबा:** अंडर-15 बालक वर्ग में उर्दू मध्य विद्यालय बेलोड़ी मोहनिया ने ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सहूका रामगढ़ को 2-1 से हराया। बेलोड़ी के शिवम कुमार जर्सी नंबर 07 और दिवाकर कुमार जर्सी नंबर 09 ने एक-एक गोल किया। सहूका के सुमित कुमार जर्सी नंबर 06 ने एक गोल दागा। फाइनल में चिल्ड्रेन एकेडमी केयर जोन भभुआ ने उर्दू म. वि. बेलोड़ी को 2-0 से हराया। केयर जोन के स्टार खिलाड़ी शफीक अंसारी जर्सी नंबर 11 ने दोनों गोल दागकर टीम को चैंपियन बनाया।

**राज्य स्तर पर खेलेंगी विजेता टीमें :** सभी विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी विजेता टीमें आगामी 10 जुलाई से 14 जुलाई तक विभिन्न जिलों में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

**इनकी रही अहम भूमिका :** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल साहूका रामगढ़ के डायरेक्टर पिंटू सिंह, प्राचार्य अवनीत तिवारी मौजूद रहे। मंच संचालन दिलीप कुमार पटेल व शौकत अली गद्दी ने किया। रेफरी की भूमिका संजय कुमार, अशरफ अली, जीरान अली, इम्तियाज अली ने निभाई। वाद-विवाद समिति में डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह, कमलेश कुमार, बहादुर सिंह तथा रजिस्ट्रेशन में रंजीत कुमार, पप्पू कुमार, रिंकू अंसारी, रिया सिंह, अर्पित सिंह रहे। इस मौके पर कबीर अली, विजय कुमार पाल, रविन्द्र पासवान, धीरेंद्र सिंह, चंदा कुमारी, उदय शंकर राय, रौशन अली सहित मेडिकल टीम व सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जयपुर में एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का भव्य स्वागत, छात्र हितों पर बनी रणनीति



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/जयपुर। राजस्थान ओबीसी कांग्रेस कार्यालय, श्याम नगर (जयपुर) में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान छात्र हित, संगठन विस्तार एवं कांग्रेस के विभिन्न अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ओबीसी कांग्रेस के संगठन महामंत्री सागर मावर ने बताया कि बैठक में कांग्रेस के महत्वाकांक्षी अभियान श्छात्रों की गूंजश को जयपुर के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति बनाई गई, ताकि विद्यार्थियों की आवाज़ को और अधिक मजबूती मिल सके। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा ने बताया कि बैठक में शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्र हितों एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर गंभीर एवं सार्थक विचार–विमर्श किया गया। साथ ही कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जन–जन तक अधिक सशक्त, स्त्रिरय एवं प्रभावी बनाने के लिए संगठनात्मक रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एम.डी. चोपदार, ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य सुनील परिहार, संगठन महासचिव सागर मावर, जयपुर संभाग अध्यक्ष अनुभव चंदेल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र मारवाल, लोकेश सैनी, महासचिव श्रीमती अंकलेश जाखड़ सहित ओबीसी कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने छात्र हित, संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार साझा किए। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति हैं।विद्यार्थियों की आवाज़ बुलंद करना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा कांग्रेस की जनहितकारी विचारधारा को प्रत्येक छात्र और प्रत्येक घर तक पहुंचाना संगठन का संकल्प है, जिसे निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

### मंडलायुक्त विमल दुबे ने सर्किट हाउस में डीएम, एसपी के साथ बैठक की



लोक तंत्र की आवाज
उरई /मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने सर्किट हाउस सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में पेपर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया। मंडलायुक्त ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों का संरक्षण प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जो समाधान प्रस्तुत किया गया है, वह व्यवहारिक और दूरदर्शी है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है तो उद्योगों को राहत मिलेगी और प्रदूषण की चुनौती का भी स्थायी समाधान निकल सकेगा। उन्होंने कहा कि कालपी क्षेत्र के औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। किसी भी आधारभूत परियोजना का निर्माण केवल वर्तमान परिस्थितियों को देखकर नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसी दृष्टिकोण से जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि वर्ष 2045 तक की संभावित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मजबूत एवं टिकाऊ आधारभूत ढांचा विकसित किया जा सके।मंडलायुक्त ने कहा कि कालपी तेजी से विकसित हो रहा है। ऐसे में औद्योगिक विस्तार, पर्यावरणीय मानकों और जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए एक समग्र एवं दीर्घकालिक योजना के तहत कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन, उद्योगों और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ऐसा मॉडल विकसित होगा, जिससे उद्योगों की प्रगति भी सुनिश्चित होगी और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य भी प्रभावी रूप से प्राप्त किए जा सकेंगे।

### डॉक्टर्स डे पर बिग अपोलो अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी सेवा का हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज
संजय कुमार सिंह
पटना। बिग अपोलो अस्पताल में बुधवार को डॉक्टर दिवस के अवसर पर अस्पताल का आठवां स्थापना दिवस तथा अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी सेवा के शुभारंभ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में हुयी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टर समाज के लिए धरती पर भगवान का स्वरूप हैं, जो लोगों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक सुविधा के लिए मरीजों को बिहार से बाहर जाना पड़ता था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों के कारण अब यह सुविधा बिहार में ही उपलब्ध हो रही है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं और उन्नत बनाने के दिन दिन–रात मेहनत कर रहे हैं। बढ़ती आबादी वाले बिहार में केवल सरकारी व्यवस्था से सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संभव नहीं है, इसलिए निजी क्षेत्र की सकारात्मक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यह संस्थान आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध करा रहा है। चिकित्सक और मरीज के बीच विश्वास सबसे बड़ी दवा होती है और यही विश्वास उपचार को सफल बनाता है। पांडेय ने अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विजय प्रकाश की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अस्पताल लगातार नई चिकित्सा सुविधाएं जोड़ रहा है, जिससे बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोबोटिक सर्जरी सेवा के माध्यम से हजारों मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।

# तमिलनाड : 35 करोड़ का ऑफर व 15 विधायकों का इस्तीफा... सीएम विजय की सरकार गिराने की साजिश का खुला राज

लोक तंत्र की आवाज़

**चेन्नई ।** तमिलनाडु की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाले टीवीके विधायक ने दावा किया है कि उन्हें सदन अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। दरअसल, टीवीके विधायक एन. इलैयाराजा की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके तार डीएमके नेता सेंथिल बालाजी और उनके भाई वी अशोक कुमार से जुड़े बताए जा रहे हैं। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस साजिश में टीवीके के 15 विधायकों के एक साथ इस्तीफे की साजिश रचकर सरकार को गिराने की योजना शामिल थी।

**तीन लोग गिरफ्तार:** टीवीके विधायक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने जांच शुरू की और एक कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान, अधिकारियों को डीएमके विधायक



सेंथिल बालाजी से संबंध होने की खबर मिली। इसके बाद दो और लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। एन. इलायाराजा द्वारा चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म के एक व्यक्ति ने उन्हें तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर (जो टीवीके नेता हैं) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए 35 करोड़ रुपये की पेशकश की थी।

**पुलिस को दर्ज कराई शिकायत:** 29 जून को विधायक इलैयाराजा द्वारा चेन्नई पुलिस आयुक्त के पास दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, थिरुनावुक्करासु नामक एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और दावा किया कि वह इंडियन पॉलिटिकल डेमोक्रेटिक स्ट्रैटेजीज (आईपीडीएस) नामक एक जनमत सर्वेक्षण संगठन का प्रमुख है और वह एक प्रमुख राजनीतिक दल के सदस्यों की ओर से लोगों से संपर्क कर रहा है।

**विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव की पेशकश:** फोन करने वाले ने टीवीके विधायक इलैयाराजा को बताया कि तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया जाएगा और उनसे सत्तारूढ़ दल का सदस्य होने के बावजूद एक विशेष तरीके से मतदान करने को कहा। इसके बदले में, उसने इलैयाराजा को 35 करोड़ रुपये तक की पेशकश की। विधायक ने आरोप लगाया कि उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया और फोन करने वाले को दोबारा संपर्क न करने के लिए कहा। हालांकि, थिरुनावुक्करासु ने उन्हें धमकी दी और चेतावनी दी कि अगर उन्होंने बातचीत का खुलासा किया तो उन्हें और उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

**टीवीके मंत्री ने डीएमके पर निशाना साधा:** तमिलनाडु के मंत्री सीटी निर्मल कुमार ने साजिश को लेकर डीएमके पर हमला बोलते हुए कहा, "सेंथिल बालाजी से सीधे तौर पर जुड़े लोग, साथ ही तथाकथित 'करूर गैंग' के सदस्य भी इस मामले में सीधे तौर पर शामिल हैं। पुलिस को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए और इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्हें इस तरह की घिनौनी गतिविधियों का अंत करना चाहिए।"

**सरकार को गिराने की साजिश :** मंत्री ने डीएमके पर एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी के साथ मिलकर विजय के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टीवीके के कई विधायकों को दल–बदल के लिए पैसे की पेशकश की गई है। मंत्री सीटी निर्मल कुमार ने दावा किया, "एडप्पाडी पलानीस्वामी और अन्य लोग गुपचुप तरीकों से सरकार बनाने की कोशिश कर रहे थे। आज हम उसका नतीजा देख रहे हैं। एमके स्टालिन और उदयनिधि के इशारे पर काम करते हुए सेंथिल बालाजी जैसे डीएमके के प्रमुख नेता हमारे कई विधायकों से संपर्क कर रहे हैं। वे उन्हें 10 करोड़, 20 करोड़ या यहां तक कि 50 करोड़ रुपये की रकम की पेशकश कर रहे हैं। ऐसा कोई विधायक नहीं है जिससे उन्होंने संपर्क न किया हो।"

# क्षत्रिय महासंघ भारत का बौद्धिक सम्मेलन सम्पन्न





लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** आज दिनांक 01 जुलाई को क्षत्रिय महासंघ भारत उत्तर प्रदेश के तत्वधान में जिला जालौन इकाई द्वारा ग्राम नावली के शकुन्तला पैलेस में एक दिवसीय बौद्धिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें जिला के लगभग 155 क्षत्रिय समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस सम्मेलन में उपस्थित क्षत्रिय समाज के बहुत से नामी गिरामी लोगों ने क्षत्रिय समाज को कैसे सशक्त , सामाजिक व राजनीतिक रूप से बड़ा समूह तैयार किया जाय, इस पर क्षत्रीय समाज के लोंगो ने अपने विचार प्रकट किए। आगामी विधानसभा व लोक सभा चुनाव में राज्य के चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सके जिसके लिए समाज को एक साथ निर्णय लेना होगा और पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाये में समाज अपनी अहम भूमिका निभा सके । इसके लिये अन्य समाज से भी राजनीतिक सहयोग वांछित हो और अहम निर्णय लिया जाये।

सम्मेलन मे सर्व श्री ब्रज बल्लभ सिंह सेंगर पूर्व प्रधानाचार्य, अर्जुन सिंह परिहार, (ब्लाक प्रमुख नदीगांव ),साहब सिंह चौहान( प्रान्तीय अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ) जगबीर सिंह चौहान पूर्व सूबेदार मेजर, बलवीर सिंह सेंगर (प्रभारी क्षत्रिय महासंघ भारत बुन्देलखण्ड क्षेत्र, दिनेश सिंह चौहान अध्यक्ष सहकारी समिति,लोकेन्द्र सिंह कक्का पूर्व बी.डी.सी मेम्बर, बिजय सिंह भदौरिया अध्यक्षनगर पंचायत ऊमरी,राज कुमार सिंह भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह सेंगर जिला संरक्षक क्षत्रिय महासंघ भारत, महेंद्र सिंह भदौरिया जिलाध्यक्ष क्षत्रिय महासंघ भारत जालौन, देवेन्द्र सिंह भदौरिया जिला महासचिव ,शिव शंकर सिंह सेंगर,जिला उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह तोमर तहसील अध्यक्ष कोंच,महेंद्र सिंह चंदेल ब्लाक अध्यक्ष कोंच,गिरेन्दर सिंह राजावत शिक्षक नेता,डा.ब्रजेश सिंह राजावत, प्रवल प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह भदौरिया, अंशुमान सिंह सेंगर युवा मोर्चा अध्यक्ष क्षत्रिय महासंघ भारत जिला जालौन, सुरेन्द्र सिंह राजावत प्रबन्धक समर सिंह इंटर कॉलेज रामपुरा ,कार्यक्रम के संयोजक साधू सिंह जालौन, सुरेन्द्र सिंह राजावत जिला मीडिया प्रभारी सहित अन्य कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी।

## जहरीले कीड़े के काटने से गर्भवती महिला की मौत, गांव में पसरा मातम

■ उनियारा थाना क्षेत्र के बालीथल गांव की घटना

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/उनियारा।** उनियारा थाना क्षेत्र के ग्राम बालीथल में 30 जून, मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे खेत पर कृषि कार्य के दौरान जहरीले कीड़े के काटने से एक गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मृतका पार्वती (27) पत्नी किशनलाल सैनी निवासी बालीथल थी। उसके दो पुत्रियां हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 2 वर्ष एवं 4 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि खेत पर काम करते समय अचानक जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन तत्काल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उनियारा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही उनियारा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार कराया तथा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। घटना की सूचना पर उनियारा उपखंड अधिकारी सुमन गुर्जर भी अस्पताल पहुंचीं और परिजनों से घटना की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका सात से आठ माह की गर्भवती थी और अगले महीने उसका प्रसव होना था। गर्भवती महिला की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# बिलौता में पीएम आवास योजना की पात्रता सूची पर फिर उठे सवाल, अपात्रों को लाभ दिलाने के आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/उनियारा।** उनियारा पंचायत समिति मु. अलीगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलौता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि 29 जून को आयोजित विशेष ग्राम सभा में पात्रता सूची के अनुमोदन के दौरान वास्तविक गरीब एवं बेघर परिवारों की अनदेखी कर कई अपात्र परिवारों को सूची में शामिल कर लिया गया।

जानकारी अनुसार राज्य सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार 29 जून को पूरे राजस्थान में पीएम आवास योजना पात्रता सूची का अनुमोदन किया गया। जहां ग्राम पंचायत बिलौता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में



बिना किसी आपत्ति के सूची पारित कर दी गई। आरोप है कि ग्राम पंचायत सरपंच प्रशासक सुरेश मीणा सहित ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए कई ऐसे परिवारों का चयन किया जो योजना की पात्रता के दायरे में नहीं आते।इससे वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को पीएम आवास योजना में समय पर मिलने वाले लाभ का अधिकार प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि पात्रता सूची में राजकीय एवं अर्ध–राजकीय कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, चौपहिया वाहन रखने वाले तथा पक्के आलीशान और संसाधन–संपन्न मकानों में रहने वाले परिवारों के नाम भी शामिल किए गए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि सूची में ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश मीणा की पत्नी निर्मला मीणा का पात्रता सूची क्रमांक 113/177 तथा उपसरपंच सतवीर बैरवा की पत्नी सोना देवी पात्रता सूची क्रमांक 33/182 का नाम भी दर्ज है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्ष 2024 एवं 2025 में ग्राम पंचायत बिलौता के विरूद्ध हुई जांच के दौरान भी कई अपात्र परिवारों एवं सरकारी सेवा में कार्यरत लोगों के नाम पात्रता सूची में पाए गए थे।

जांच के बाद अनेक नाम रिमांड मॉड्यूल में भेजे गए तथा कई अपात्र परिवारों के नाम सूची से हटाए गए थे। इसके बावजूद दोबारा इसी प्रकार के परिवारों का चयन होना पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली, जवाबदेही और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अपात्र परिवारों के नाम सूची से हटाने तथा वास्तविक गरीब एवं बेघर परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

**इनका है कहना:** इस संबंध में पंचायत समिति उनियारा के खंड विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल ने कहा कि यदि ग्राम पंचायत बिलौता की विशेष ग्राम सभा में पीएम आवास योजना की पात्रता सूची में अपात्र परिवारों के चयन का मामला सामने आया है, तो इसकी जांच करवाई जाएगी। जांच में जो परिवार अपात्र पाए जाएंगे, उन्हें नियमानुसार सूची से हटा दिया जाएगा। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी को कार्यालय में तलब कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि पात्रता सूची में केवल वास्तविक पात्र परिवारों के नाम ही शामिल रहें।

## शाला दर्पण पर विद्यार्थियों और कार्मिकों की 100 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/जयपुर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की शाला दर्पण पोर्टल पर शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। परिषद की अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सीमा शर्मा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब प्रत्येक कार्य दिवस पर सभी विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति समय पर ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। आदेश की पालना नहीं होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अनुसार, एनसीईआरटी के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र (आरवीएसके) के लिए राज्यभर के विद्यालयों की उपस्थिति संबंधी जानकारी शाला दर्पण पोर्टल से संकलित की जाती है। हाल ही में किए गए डेटा विश्लेषण में सामने आया कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति नियमित रूप से दर्ज नहीं की जा रही है, जिससे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़े अपूर्ण और असंगत हो रहे हैं।

**हर कार्य दिवस पर अपडेट होगी उपस्थिति:** आदेश के अनुसार प्रत्येक कार्य दिवस पर सभी विद्यार्थियों और कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से शाला दर्पण पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। अनुपस्थित एवं अवकाश पर रहने वाले विद्यार्थियों और कर्मचारियों की जानकारी भी सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज करना आवश्यक होगा। किसी भी कक्षा, सेक्शन अथवा कर्मचारी की उपस्थिति प्रविष्टि लंबित नहीं छोड़ी जा सकेगी।

**जिला स्तर पर होगी नियमित समीक्षाः** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला परियोजना समन्वयकों को उपस्थिति डेटा की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। परिषद ने चेतावनी दी है कि उपस्थिति डेटा के संधारण में लापरवाही, गलत प्रविष्टि या नियमित अपडेट नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**शिक्षक संघ ने किया निर्णय का स्वागत:** शिक्षक संघ रेस्टा, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने परिषद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शाला दर्पण पर विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज होने से विद्यालयों की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी। इससे विद्यार्थियों की वास्तविक उपस्थिति का सही आकलन संभव होगा।

# अखिलेश के जन्मदिन पर जालौन सपा में सन्नाटा, मुस्लिम नेताओं ने बनाई दूरी

लोकतंत्र की आवाज

**जालौन।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस बुधवार को सिटी कॉम्प्लेक्स में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर "अखिलेश यादव जिंदाबाद" के नारे लगाए और एक–दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में मजबूती से उतरने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में फिर से सत्ता में वापसी करेगी।

**गुटबाजी आई सामने, सिर्फ 12 लोग पहुंचे :** नगर जालौन में आयोजित इस कार्यक्रम में महज 12



कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने पार्टी की अंदरूनी गुटबंदी को खुलकर उजागर कर दिया। नगर में सपा की मजबूत पकड़ मानी जाती है, इसके बावजूद कार्यक्रम में भीड़ न जुटना चर्चा का विषय बना रहा। खास बात यह रही कि चार प्रमुख मुस्लिम नेताओं की गैरमौजूदगी को राजनीतिक हलकों में अशुभ संकेत माना जा रहा है।

**विनय श्रीवास्तव पहुंचे तो बची लाज :** कार्यक्रम में पूर्व सभासद विनय श्रीवास्तव के पहुंचने को पार्टी की लाज बचाने वाला कदम माना जा रहा है। उनके आने के बाद ही केक काटने की औपचारिकता पूरी हो सकी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, थोपन यादव, सुरेशराव डेंगरे, मानसिंह वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, दीपू त्रिपाठी, नारायण सिंह, रमाकांत निरंजन, नरसिंह यादव, लल्लूभइया विश्वकर्मा, मंगल सिंह यादव, राजू यादव, अक्षत चंसौलिया, सरताज वरसी, निहाल, इनायत सिद्दीकी, दीपक पाथरे, शोभाराम जाटव, रणवीर यादव, कफील कुरैशी आदि मौजूद रहे।




# चुनौतियों के बीच एग्रो पॉइंट कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने रचा इतिहास

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** एग्रो पॉइंट कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के स्थापना दिवस और वार्षिकोत्सव (2 जुलाई 2026) के शुभ अवसर पर कंपनी के सचिव श्री शत्रुघ्नकुमार सिंह ने देश और राज्य के किसान भाइयों, उपभोक्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई देते हुए कंपनी की अभूतपूर्व उपलब्धियों और भविष्य के रोडमैप को साझा किया है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार चेयरमैन श्री राकेश कुमार सिंह जी के कुशल, दूरदर्शी और दृढ़ नेतृत्व में कंपनी लगातार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में बिहार का नाम वैश्विक पटल पर रोशन कर रही है।

सचिव श्री शत्रुघ्नकुमार सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछला वर्ष कृषि निर्यात के दृष्टिकोण से अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा। वर्तमान में



वैश्विक स्थितियां पूरी तरह अनुकूल नहीं थीं; कई महाद्वीपों और राष्ट्रों के बीच युद्ध एवं भू-राजनीतिक तनाव छिड़ा हुआ था, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो चुकी थी। इसके बावजूद, एग्रो पॉइंट कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने हार नहीं मानी। पिछले साल के सफल आम निर्यात के रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए, इस वर्ष कंपनी ने न केवल हवाई मार्ग (Air Cargo) से फलों का सुरक्षित प्रेषण किया, बल्कि एक कदम आगे बढ़ते हुए समुद्री मार्ग से बैक-टू-बैक 18-18 मीट्रिक टन (MT) के 3 रेफ्रिजरेटेड कंटेनरों (कुल 54 मीट्रिक टन) का सफलतापूर्वक एक्सपोर्ट पूरा किया।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए यह राह इतनी आसान नहीं थी। बिहार में बागवानी उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पैकेजिंग, फाइटोसैनिटरी मानकों को पूरा करना और कोल्ड-चेन को बनाए रखना हमेशा से एक बड़ी और कठिन चुनौती रही है। लेकिन चेयरमैन श्री राकेश कुमार सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन, वैज्ञानिक पद्धतियों के समावेश और दिन-रात की रणनीतिक योजना के कारण इन तमाम बाधाओं को पार कर लिया गया। यह उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज बिहार का आम सात समंदर पार विदेशी बाजारों की शोभा बढ़ा रहा है।

कंपनी प्रबंधन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सफलता केवल एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। आने वाले वर्षों में एग्रो पॉइंट कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड अपने इस निर्यात नेटवर्क का और अधिक विस्तार करेगी। अवसंरचनात्मक विकास, अत्याधुनिक सॉर्टिंग-ग्रेडिंग यूनिट्स की स्थापना और किसानों के तकनीकी प्रशिक्षण के बल पर इस रिकॉर्ड को और बड़ा किया जाएगा। कंपनी आने वाले समय में इस सफलता की लकीर को और लंबी करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर एग्रो पॉइंट कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड अपने उन सभी अन्नदाताओं (किसानों), शेयरधारकों, कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और आभार प्रकट करती है, जिन्होंने हर परिस्थिति में कंपनी पर अपना अटूट विश्वास बनाए रखा। आप सभी के सहयोग और मजबूती से जुड़े रहने के कारण ही आज एक एफपीओ (FPO) इस मुकाम पर पहुंच सका है।

सचिव श्री शत्रुघ्नकुमार सिंह ने अंत में सभी को **'एग्रो पॉइंट डे' की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए किसानों की समृद्धि और बिहार के गौरव को निरंतर बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।